जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 168, पृष्ठ 8, मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 14 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट




# हिजाब विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में अगले हफ्ते सुनवाई

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने बैन हटाने से किया था इनकार, जस्टिस बोले- जल्द

**नई दिल्ली: कर्नाटक** के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब बैन मामले में सुप्रीम कोर्ट अगले हफ्ते फिर सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट में छात्राओं की पढ़ाई के नुकसान का हवाला देते हुए जल्द सुनवाई की मांग की थी। इसे लेकर बुधवार को जस्टिस एन वी रमना और कृष्ण मुरारी की बेंच ने वकील की दलील पर ध्यान देते हुए कहा कि याचिका 15 मार्च को दायर की गई थी, जिसे काफी वक्त हो चुका है। इस पर अब तक सुनवाई नहीं हुई है। इसलिए अगले हफ्ते ही सुनवाई की जाएगी। इसी साल मार्च में हाईकोर्ट ने कर्नाटक के स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने को लेकर अपना फैसला सुनाया था। कोर्ट ने हिजाब के समर्थन में मुस्लिम लड़कियों समेत दूसरे लोगों की तरफ से लगाई गईं सभी 8 याचिकाएं खारिज कर दीं थी, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं ने अगले दिन यानी 15 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।



**14 मार्च को हाईकोर्ट ने दिया था हिजाब के खिलाफ फैसला:** कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले पर जारी घमासान को लेकर दिए फैसले में दो अहम बातें कही थीं। पहला- हिजाब इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। दूसरा- स्टूडेंट्स स्कूल या कॉलेज की तयशुदा यूनिफॉर्म पहनने से इनकार नहीं कर सकते।

**हाईकोर्ट ने स्कूल-कॉलेज में हिजाब पर बैन को बरकरार रखा था:** 15 मार्च को हाईकोर्ट ने हिजाब के समर्थन में मुस्लिम लड़कियों समेत दूसरे लोगों की तरफ से लगाई गईं सभी 8 याचिकाएं खारिज कर दी थीं। चीफ जस्टिस रितुराज अवस्थी, जस्टिस कृष्ण एस. दीक्षित और जस्टिस खाजी जयबुन्नेसा मोहियुद्दीन की तीन मेंबर वाली बेंच ने

राज्य सरकार के 5 फरवरी को दिए गए आदेश को भी निरस्त करने से इनकार कर दिया था, जिसमें स्कूल यूनिफॉर्म को जरूरी बताया गया था। हाईकोर्ट के फैसले से पहले चीफ जस्टिस रितुराज अवस्थी के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। राजधानी बेंगलुरु समेत कर्नाटक के पांच जिलों में धारा 144 लागू करके सभी तरह के जुलूस और लोगों के जमावड़े पर रोक लगा दी गई थी।

**1 जनवरी को शुरू हुआ था विवाद:** कर्नाटक में हिजाब को लेकर विवाद 1 जनवरी को शुरू हुआ था। यहां उडुपी में 6 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने के कारण कॉलेज में क्लास रूम में बैठने से रोक दिया गया था। कॉलेज मैनेजमेंट ने नई यूनिफॉर्म पॉलिसी को इसकी वजह बताया था।

## 18-59 साल के लोगों को कोविड टीकों की मुफ्त एहतियाती खुराक देने का फैसला, 15 जुलाई से इसके लिए विशेष अभियान शुरू होगा

# वयस्कों के लिए एहतियाती खुराक मुफ्त

**नई दिल्ली: देश** में नए सिरे से बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच सरकार ने 18-59 साल के लोगों को कोविड टीकों की मुफ्त एहतियाती खुराक देने का फैसला किया है। 15 जुलाई से इसके लिए विशेष अभियान शुरू होगा। 75-दिवसीय इस अभियान के तहत सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड वैक्सीन की मुफ्त अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को बताया कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए सरकार ने अमृत महोत्सव के रूप में कोविड की एहतियाती खुराक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाने का फैसला किया है। अगले 75 दिनों में हम इस अभियान को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

**अब तक 1 फीसदी से कम को एहतियाती खुराक लगी:** देश में 18-59 साल की उम्र के 77 करोड़ लोगों को एहतियाती खुराक दी जाना है। इसमें से अब तक 1 फीसदी से भी कम को एहतियाती खुराक दी गई है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि हालांकि, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की अनुमानित 16 करोड़ पात्र आबादी के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं में से लगभग 26 फीसदी को बूस्टर खुराक लग चुकी है।

**टीके के छह माह बाद कम हो जाता है एंटीबॉडी का स्तर:** एक अधिकारी ने बताया कि देश के अधिकांश लोगों को करीब नौ महीने पहले कोविड टीकों की दूसरी खुराक लगी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और अन्य अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों के






अध्ययनों में सुझाव दिया गया है कि दोनों खुराक लगने के लगभग छह महीने बाद व्यक्ति के शरीर में एंटीबॉडी का स्तर कम हो जाता है। ऐसे में बूस्टर या एहतियाती खुराक देने से प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है। इसलिए सरकार ने 75 दिन तक एक विशेष अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत सरकारी केंद्रों पर 18 से 59 साल के लोगों को निशुल्क एहतियाती खुराक दी जाएगी।

**हाल ही में घटाया गया था अंतराल:** बता दें, पिछले सप्ताह ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड टीकों की दूसरी एहतियाती खुराक के बीच के अंतर को 9 माह से घटाकर 6 माह कर दिया है।

## तरंगा, अम्बा जी और आबू रोड को रेलवे लाइन से जोड़ा जाएगा

**नई दिल्ली: केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने कनेक्टिविटी प्रदान करने और गतिशीलता में सुधार के लिए तरंगा हिल-अंबाजी-अबू रोड नई रेल लाइन को मंजूरी दी है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 2798.16 करोड़ रुपये है और इसका काम 2026-27 तक पूरा हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इन धार्मिक और पर्यटक स्थलों को रेल लाइन से जोड़ने के फैसले को मंजूरी प्रदान की गई। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि इन धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल को रेल से जोड़ने की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। उन्होंने कहा कि 116.5 किलोमीटर की यह रेल लाइन अगले चार सालों में बनकर तैयार होगी। इस पर 2,798 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके निर्माण के दौरान 40 लाख कार्यदिवस का रोजगार और स्वरोजगार सृजित होगा। यह परियोजना मौजूदा अहमदाबाद-आबू रोड रेलवे लाइन के लिए वैकल्पिक मार्ग भी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण निर्णय है। नई रेल लाइन बनने से मेहसाणा पालनपुर रेल लाइन और डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर यातायात का दबाव कम होगा। इस रेल लाइन से गुजरात और राजस्थान के सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को नई सुविधा मिलेगी और दोनों राज्यों के महत्वपूर्ण स्थानों को इससे जोड़ा जाएगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

## पाक पत्रकार के दावे पर घिरी कांग्रेस

**नई दिल्ली:** भाजपा ने बुधवार को देश के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और कांग्रेस पर जबरदस्त हमले बोले। दरअसल, कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार नुसरत मिर्जा ने कबूला था कि वे कांग्रेस के शासनकाल में कई बार भारत आए थे। उन्होंने यहां आकर खुफिया जानकारी जुटाई थी। मिर्जा ने कहा था कि ये सब उन्होंने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी 'इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के कहने पर किया था। नुसरत ने यह भी कहा कि तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के कार्यकाल में उन्हें कई बार भारत आने का न्योता मिला था।

# बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक नहीं: सुपीम कोर्ट



**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर से सुनवाई हुई। इस दौरान दोनों पक्षों में जोरदार बहस हुई। जमीयत के वकील दुष्यंत दवे ने कहा कि देश में एक समुदाय के खिलाफ पिक एंड चॉइस की तरह बर्ताव हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक समुदाय के न्याय के लिए निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो रही है। इसपर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि देश में कोई अन्य समुदाय नहीं है और केवल भारतीय समुदाय है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि कानूनी कार्रवाई को बेवजह सनसनीखेज बनाया जा रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर की कार्रवाई रोकने से किया इनकार:** वहीं दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों में विध्वंस पर रोक लगाने का अंतरिम निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह अधिकारियों को कार्रवाई करने से रोकने के लिए एक सर्वव्यापी आदेश पारित नहीं कर सकता है।

**यूपी सरकार ने हलफनामा दाखिल कर दिया जवाब:** यूपी सरकार ने अपने हलफनामा में कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून के मुताबिक कार्रवाई की गई है, जिन लोगों ने अवैध अतिक्रमण किया है, यूपी सरकार ने उन्हीं लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। सरकार ने कहा कि छद्म याचिकाएं दाखिल कर अवैध निर्माण करने वालों को बचाने की योजना चल रही है। यूपी सरकार ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रयागराज में ध्वस्तीकरण का मामला लंबित है तो सुप्रीम कोर्ट में इसे लाने की जरूरत है।

## श्रीलंका को जलता छोड़ मालदीव भागे राष्ट्रपति

**कोलंबो:** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे मालदीव भाग चुके हैं। हजारों प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के घर पर कब्जा कर चुके हैं। अब संसद भवन पर भी जनता के कब्जे की आशंका है। ऐसे में श्रीलंका में एक बार फिर इमरजेंसी लगा दी गई है। इस बीच कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सेना और पुलिस को प्रदर्शनकारियों से निपटने और देश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुली छूट दे दी है। यानी अब देश की फौज और पुलिस के अधिकार बढ़ गए हैं और जनता के घट गए हैं।



श्रीलंकाई संविधान के आर्टिकल 155 के तहत इमरजेंसी की घोषणा करने का अधिकार राष्ट्रपति के पास ही होता है। चूंकि श्रीलंका में राष्ट्रपति देश छोड़कर भाग चुके हैं, इसलिए प्रधानमंत्री को एक्टिंग राष्ट्रपति बना दिया गया है। उन्होंने ही इस बार इमरजेंसी की घोषणा की है।

## एलएसी: भारत-चीन के बीच होगी जल्द होगी वार्ता

**लद्दाख:** भारत और चीन के बीच लद्दाख सीमा पर मार्च 2020 में शुरू हुआ टकराव अब तक खत्म नहीं हुआ है। देपसांग और डेमचोक जैसे इलाकों में अभी भी दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। इस बीच भारत-चीन के बीच अपने सैनिकों को पीछे हटाने पर भी सहमति नहीं बनी है। यहां तक कि पिछले पांच महीने से तो दोनों देशों के बीच सैन्य वार्ता भी नहीं हुई है। अब खबर है कि भारत और चीन के सैन्य अफसर 17 जुलाई को 16वें राउंड की कोर कमांडर स्तर की वार्ता में हिस्सा ले सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वार्ता में भारत का प्रतिनिधित्व



फायर एंड फ्यूरी कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल ए. सेनगुप्ता करेंगे। अभी यह साफ नहीं है कि यह बैठक चीन की तरफ होगी या भारत की तरफ, हालांकि इसमें भी एक बार फिर एलएसी में टकराव वाली जगहों से सेना पीछे हटाने पर चर्चा होगी। इससे पहले दोनों देशों के बीच लद्दाख के चुशुल मोल्दो में मार्च की शुरूआत में वार्ता हुई थी। भारतीय पक्ष का नेतृत्व लेह स्थित सेना की 14वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट-जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और चीन की ओर से दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिला प्रमुख मेजर जनरल यांग लिन ने किया था। मैराथन बैठक सुबह 10 बजे से लेकर देर रात तक चली थी।

**दोनों पक्ष स्थिरता बनाए रखने पर सहमत:** भारतीय सेना के प्रवक्ता ने बताया था कि भारत की ओर चुशुल-मोल्दो सीमा पर 15वें दौर की चीन-भारत कोर कमांडर स्तर की बैठक हुई। दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ जरूरी मुद्दों के समाधान के लिए 12 जनवरी को आयोजित पिछले दौर की अपनी चर्चा को आगे बढ़ाया।

## पाकिस्तान से राजस्थान के 6 जिलों में 40 लोग तैयार किए

# नूपुर के हर समर्थक का कत्ल करने वाले थे आतंकी

**जयपुर:** आतंकियों के निशाने पर उदयपुर का कन्हैयालाल ही नहीं बल्कि वे सभी लोग थे, जिन्होंने नूपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट किया था। पाकिस्तानी संगठन दावत-ए-इस्लामी और आतंकवदियों ने इसके लिए राजस्थान के 40 लोगों को तैयार कर लिया था। ये नूपुर का समर्थन करने वालों का सिर कलम करने के लिए तैयार हो गए थे। यह खुलासा एनआईए और एटीएस की शुरूआती जांच में सामने आया है। 25 मई के बाद नूपुर के बयान का समर्थन करने वाले लोगों को सबक सिखाने के लिए दावत-ए-इस्लामी से जुड़े 6 जिलों के लोगों को टारगेट दिया था। जांच में सामने आया कि ये सभी एक साल



से इस संगठन से जुड़े थे। दरअसल, ये पूरा मामला उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड से जुड़ा हुआ है। पिछले महीने नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाले कन्हैया का आतंकी रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद ने गला काट दिया था।

**कन्हैयालाल की हत्या प्री-प्लान्ड:** यह नया खुलासा आतंकी रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद की कॉल डिटेल में मिले पाकिस्तान के 10 लोगों के 20 मोबाइल नंबर की जांच से हुआ। आतंकी संगठन ने इन लोगों को वॉट्सऐप जैसे सोशल मीडिया एप के जरिए सिर कलम करने के लिए ऑडियो और वीडियो कॉल करके तैयार किया। आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए तैयार किए गए लोगों को टारगेट दिया गया कि तालिबान के तर्ज पर सिर कलम कर वीडियो वायरल करें।

# देश में अब तक 9% से ज्यादा बारिश

## मुंबई के वसई में लैंडस्लाइड, कई लोग दबे, गुजरात में अब तक 69 की मौत

**मुंबई/अहमदाबाद:** मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल और महाराष्ट्र समेत देश के 25 से ज्यादा राज्यों में बारिश हो रही है। मुंबई के पालघर के वसई इलाके में बुधवार को लैंडस्लाइड में कई लोगों के दबे होने की खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी मे लो-प्रेशर बना हुआ है। जिसकी वजह से अगले चार दिन तक छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश का



अनुमान है। बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित गुजरात और महाराष्ट्र है। मंगलवार को पूरे देश में 289 मिमी बारिश हुई। देश के कई जिले ऐसे हैं जो अभी भी अच्छी बारिश के लिए तरस रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, देश में अब तक औसत से 9% अधिक बारिश हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### एसएसपी ने कार्य दक्षता के लिए पीआरओ को दिया प्रशस्ति पत्र

**रत्योरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के पीआरओ रहे उपनिरीक्षक पंकज कुमार त्रिपाठी को एसएसपी अजय कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज रहे अजय कुमार ने प्रशस्ति पत्र में लिखा है कि जनवरी 2022 से अब तक आप द्वारा अत्यंत निष्ठा लगन व मेहनत से अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय-समय से दिए गए आदेशों निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया। साथ ही उच्चअधिकारीगणों द्वारा दूरभाष पर दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराते हुए उक्त निर्देशों का समूह का अनुपालन कराया गया। जनपद से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों अपराध व गोष्ठी से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर अधोहस्ताक्षरी सहित अन्य संबंधित को अवगत कराते हुए अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन किया। विभिन्न अवसरों पर आपको सौपे गए कार्यों का आप द्वारा निष्ठा व लगन के साथ समय से संपन्न कराया गया। इसलिए आपकी भूरि भूरि प्रशंसा की जाती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उप निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र दिए जाने के बाद प्रयागराज पुलिस में उत्साह देखा गया।

# सीमेंट बनाने के अड्डे पर छापा पुलिस ने पकड़े सीमेन्ट लदे तीन ट्रक, हड़कम्प

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** एक नामी सीमेन्ट कंपनी के अधिकारियों की शिकायत पर घूरपुर पुलिस ने क्षेत्र के गौहनिया स्थित एक गोदाम से सीमेन्ट लदे तीन ट्रकों को पकड़ घुरपुर थाने ले आकर बंद किया है । सीमेन्ट कंपनी की ओर से मिली शिकायती पत्र लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। लखनऊ निवासी नीरज मिश्र अल्ट्राटेक सीमेन्ट के टीम लीडर है । बुधवार के दिन नीरज मिश्र अपने सहयोगियों के साथ घूरपुर क्षेत्र में सीमेंट की कॉपी होने की शिकायत की जांच करने के लिए निकले थे । इसी बीच गौहनिया चौकी से मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर एक गोदाम के अंदर कुछ ट्रक अल्ट्रटेक सीमेन्ट लदे खड़े मिले। जिसकी सूचना नीरज मिश्र ने घूरपुर पुलिस से की तो मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन ट्रकों को जिसमें लगभग 13 सौ बोरी अल्ट्राटेक सीमेन्ट लदी थी को अपने कब्जे में लेकर घूरपुर थाने उठा ले आई । इस बावत घूरपुर थाना प्रभारी पीपीएस विमल किशोर मिश्र ने बताया कि सीमेन्ट कंपनी की ओर से मिली शिकायत पर ट्रकों को थाने ले आया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### घूरपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर नकली सीमेंट बनाने का चल रहा गोरखधंधा

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर कई वर्षो से नकली सीमेंट बना कर ब्रांडेड बोरियों में पैककर बेचने का गोरखधंधा चलता आ रहा है। क्षेत्र के गौहनिया के समीप बांदा रोड और गौहनिया डेरा पवर रोड,बुदावा, उमरी, कांटी, बुदावा नहर पुलिया के पास नकली सीमेंट बनाने का कार्य किया जा रहा है। इन स्थानों पर इसके पूर्व कई बार स्थानीय पुलिस व सीमेंट कंपनी के अधिकारियों ने पकड़ी है। लेकिन यह गोरखधंधा बंद होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। उक्त स्थानों पर लूज सीमेंट की टैंकर खड़े अक्सर दिखते हैं। इन टैंकर चालको से नकली सीमेंट बनाने वाले लूज सीमेंट लेकर राखड़ आदि मिलाकर नकली सीमेंट बनाते हैं।

## जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय यादव टाटा मोटर्स गर्जन प्रोग्राम का किया उदघाटन

**करछना।** क्षेत्र के डीहा में टाटा मोटर्स गर्जन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय यादव ने फीता काट कर किया उदघाटन ,उदघाटन के उपरांत लोगों रोजगार परक वाहनों में टाटा मोटर्स गर्जन प्रोग्राम के माध्यम से बेहतर सुविधा के साथ-साथ नौजवानों के लिए सुनहरा अवसर मिलेगा की जानकारी दी गई, इस मौके पर गांव के प्रधान सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## जमीन विवाद में दो पक्षों में जम कर चले लाठी डंडे आधा दर्जन घायल

### चार की हालत गंभीर जिला अस्पताल रीफर

**करछना।** क्षेत्र के पनासा गाव जीतलाल यादव और बाज बहादुर यादव के बीच जमीन का विवाद कुछ समय से चल रहा है बुधवार दोपहर मे बाज बहादुर पक्ष के लोग ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे और जीतलाल के घर पीछे उसकी नीव को भी तोड दिया इसी बात को लेकर दोनो पक्षो मे लाठी ड़डे और कटवासा चलने लगा जिसमे जीतलाल व उसके पक्ष से सोनपत्ती देवी, दूधनाथ राज बहादुर, देवी शकर अमरनाथ, लाल बहादुर और गेन्दकली को गभीर चोटें आई हैं वही दूसरे पक्ष से रेनू यादव सरोज कुमार,ज्याति देवी अनुज कुमार को भी गभीर चोटे आई। जीत लाल ने 6 लोगो के खिलाफ तहरीर दी है वही रेनू ने भी 6 लोगो के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने घायलो का उपचार सीएचसी करछना में कराया जहां दोनो पक्षों से दो दो लोगो को गभीर चोटे होने के कारण डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### जसरा में विधायक ने किया अमृत सरोवर का उद्घाटन



**जसरा।** जसरा के एक गांव में बारा विधायक डा०वाचस्पति ने फीता काटकर अमृत सरोवर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विकास खंड के अधिकारी व गांव के दर्जनों लोग उपस्थित रहे। बुधवार को जसरा के ग्राम पंचायत पचखरा में एक तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने के लिए बारा विधायक डॉ० वाचस्पति ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अमृत सरोवर का सुंदरीकरण करके इसे पूर्ण रूप से विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी जसरा डॉ० सपना अवस्थी ने भी अमृत सरोवर को विकसित करने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान चंदा सिंह, हीरामन सिंह, प्रधान बृजेश सोनकर, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल,कमला द्विवेदी, छविनाथ दुबे, शिव बाबू तिवारी, बब्बन सिंह ,टेकनीशियन आशुतोष द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

### ओलम्पियाड में संचिता पाण्डेय का नाम टॉपर लिस्ट में



**जसरा।** श्रीलाल चन्द्र इंटर कालेज जसरा की छात्रा ने हिंदुस्तान टैलेंट ओलंपियाड में जनरल नॉलेज यूपी कंपटीशन में कक्षा 10 की संचिता पांडेय ने उत्तर प्रदेश में टॉपर लिस्ट में नाम दर्ज कराकर विद्यालय परिवार व समाज का सम्मान बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में सफल होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा० प्रेम प्रकाश सिंह ने छात्रा को पुरस्कृत कर उसका सम्मान बढ़ाया है। साथ ही संचिता के माता पिता को बधाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डा०चक्र धर द्विवेदी, गणेश प्रसाद गुप्त, राजेंद्र बहादुर श्रीवास्तव,मुनेश बाबू,सूर्य प्रकाश गुप्ता , राजेंद्र राम, नर्मदा प्रसाद यादव , कृष्ण कुमार यादव , संगीता जायसवाल,पूनम यादव,अरुण कुमार केसरवानी, विश्वनाथ प्रताप सिंह,जगदीश प्रसाद शर्मा तथा विद्यालय के समस्त बच्चे व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अश्लील व तेज गाने बजे तो होगी कार्रवाई



**घूरपुर।** सावन माह में कावरियों के साथ व मंदिर शिवालयो में यदि मानक से तेज डीजे व अश्लील गाने बजे तो सख्त कार्रवाई होगी । उक्त बातें बुधवार के दिन घूरपुर थाने में डीजे संचालकों की बैठक के बीच थाना प्रभारी घूरपुर पीपीएस विमल किशोर मिश्र ने कही । आगे उन्होंने डीजे संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि डीजे बजाते समय यह ध्यान रखना जरूरी है कि रास्ते में पड़ने वाले दूसरे सम्प्रदाय की बस्ती के बीच डीजे की आवाज बिल्कुल धीमी होगी और कोई भी माहौल बिगाड़ने वाले नारे या जयकारे नहीं लगाए जाएंगे । इस बीच प्रभारी ने डीजे संचालकों से उनकी समस्याओं के बारे में पूंछा तो कुछ संचालकों ने कहा कि मुश्लिम सम्प्रदाय की शादियों में दिन के समय डीजे बजते हैं । इस पर उन्होंने बताया कि डीजे बजेंगे लेकिन रास्ते मे यदि कांवरिये जा रहे हैं या कोई शिवालय या मंदिर पड़ता है तो वहां डीजे नही बजेगा ।बैठक में घूरपुर क्षेत्र के कई गांवो के डीजे संचालक मौजूद रहे।

### मनकामेश्वर धाम का तहसीलदार व सीओ ने किया निरीक्षण

**लालापुर।** बारा तहसील के लालापुर गांव के पश्चिमोत्तर स्थित स्वयम्भू शिवलिंग भगवान मनकामेश्वर धाम में सावन माह में एक माह तक लगने वाले मेले को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने के लिए बुधवार के दिन तहसीलदार बारा व सीओ बारा ने मंदिर प्रबंधक प्रधान भटपुरा शंकर लाल पांडेय के साथ निरीक्षण किया । इस बीच तहसीलदार ने मंदिर पुजारियों से मंदिर परिसर में साफ सफाई व दर्शनार्थियों की भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में जानकारी ली।



**पूरे दिन मंदिर का खुला रहेगा पट** : मनकामेश्वर धाम के मुख्य पुजारी पंडित हरिकुश द्विवेदी ने बताया कि सावन माह के मेले में आने वाली श्रद्धालुओं व कांवरियों के जत्थे को देखते हुए सुबह से देर शाम तक दर्शनार्थियों के लिए मंदिर का पट खुला रहेगा । मंदिर प्रबंधक प्रधान भटपुरा शंकरलाल पांडेय ने बताया कि सावन के माह में वैसे तो रोज भक्तों की भीड़ रहती है । लेकिन सोमवार व तेरस ,नागपंचमी के दिन सुदूर से भी भक्त भगवान मनकामेश्वर का दर्शन पूजन के लिए आते हैं । जिसके लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मेले की सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहेगी।

## महर्षि विद्या मन्दिर में मनाया गया गुरू पूर्णिमा महोत्सव




**नैनी।** महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में हर्ष एवं उल्लास के साथ गुरूपूर्णमा महोत्सव मनाया गया । शास्त्रों के कथनानुसार अनादिकाल से गुरू का स्थान सर्वोपरि है, ऐसी मान्यता चली आ रही है, जिस का हम सभी परिपालन कर रहे हैं । संस्था के माननीय अध्यक्ष , ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा जी ने श्री गुरूपूर्णिमा के शुभ अवसार पर सभी को हार्दिक बधाइयाँ देते हुए बताया कि परम पूज्य महर्षि जी ने सारा जीवन अपने परम आराध्य गुरूदेव स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी के श्री चरणों में समर्पित किया। उन्होंने अपने श्री गुरूदेव के सम्मान में सारे विश्व में "जय गूरूदेव" का उदघोष किया और सभी से करवाया । वैदिक गुरूम्परा का अनुपालन करते हुए हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी के कुशल नेतृत्व में श्रीगुरूपूर्णिमा महोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीगुरूपूजन से हुआ । दीप प्रज्जवल के पश्चात सभी ने प्राणायाम, योगासन एवं भावातीत ध्यान किए । कार्यक्रम के अगली कड़ी में छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु वन्दना, भजन, श्लोक एवं भाषण आदि प्रस्तुत किए गए । छात्रों ने भजन एवं भाषण के माध्यम से बताए कि गुरू और शिष्य का गहरा संबंध होता है । गुरू ही हमें अन्धकार रूपी अज्ञानता से प्रकाश रूपी ज्ञान की ओर ले जाते हैं । सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने सर्वप्रथम माननीय अध्यक्ष जी संदेश को सबके समक्ष पढ़कर बताया । आगे उन्होंने बताया कि हमारी वैदिक गुरू परम्परा अखण्ड कोटि ब्रह्माण्ड नायक भगवान श्री विष्णु जी से प्रारंभ होती है, उसमें स्वयं ब्रह्मा, ब्रह्मर्षि वशिष्ठ , शक्ति ,पराशर, व्यास , शुकदेव, आदिशंकराचार्य, उनके शिष्य और ज्योतिष पीठ उद्धारक अनन्त श्री विभूषित धर्म रक्षक, धर्म सम्राट तत्कालीन भगवान शंकराचार्य गुरूदेव ब्रह्मानन्द सरस्वती जी है । वैदिक गुरू परम्परा के शाश्वत ज्ञान से सम्पूर्ण मानवता का विकास संम्भव है । श्लोक के माध्यम से कहा कि मन्नाथः श्री जगन्नाथः सदगूरू श्रीजगद गुरुः महात्मा सर्वभूतात्मा तस्मै श्री गुरू वे नमःश्री गुरू जो स्वयं मेरी ही आत्मा है, जो सारे जीवों की आत्मा है , जो सारे चराचर जगत के स्वामी और गुरू है, उनके श्री चरणों मेरा पूर्ण समर्पण है । अन्त में अपनी वाणी में विराम देते हुए सभी को श्री गुरूपूर्णिमा की हार्दिक बधाइयाँ दिया।प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## क्राश केस दर्ज कराने की नियत से खुद अपने घर में लगाई आग !

### सूचना पर पहुची पुलिस जांच में मामला फर्जी आरोप

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लकटहा गांव निवासी सुरसती पत्नी दिलीप कुमार निषाद ने प्रभारी निरीक्षक करछना टीका राम वर्मा को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पति परिवार के भरण पोषण को लेकर बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते है ।जो मंगलवार की रात में घर के बाहर दरवाजे के पास सो रही थी ।तभी गांव के यादव बस्ती निवासी सन्तोष कुमार यादव मनोज कुमार यादव पुत्र रणविजय व अरविंद यादव,पप्पू यादव पुत्र मदन मोहन यादव व लालबाबू समेत अन्य आठ-दस लोग दरवाजे के पास खड़े हो गये। लोगो की आहट मिलते ही आँख खुली तो उक्त लोगो को देखकर वह घबड़ाकर घर के अंदर चली गयी और दरवाजा बंद करने लगी ।जिस पर उक्त लोगो ने दरवाजा पकड़ लिया ।तो अरविंद व सन्तोष कुमार यादव ने ललकारते हुये अंदर घुसने के लिए साथ रहे लोगो को कहा। वही सुरसती का आरोप है कि अरविंद व सन्तोष कुमार यादव ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया और मौजूद लोगों को भी बुलाया ।जिस पर सुरसती की पकड़ कमजोर होने पर अपने को छुड़ाकर शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग जब तक पहुँचते तब तक घर मे रखा रुपया पैसा गहना आदि लूटने के बाद शिकायत करने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचा लहराते हुये उक्त दबंगो ने घर में आग लगा दिया ।जिससे रमाशकर,सुग्गन और रामबाबू निषाद का घर आग की चपेट मे आने से जल गया ।आग लगने से घरेलू उपयोग का कपड़ा,अनाज समेत अन्य वस्तुएं भी जल गयी ।जिसकी सूचना ग्रामीणों व पीड़िता के परिजनों द्वारा फोन के माध्यम से करछना पुलिस,फायर बिग्रेड व डायल 112 को देने के घण्टो बाद पहुँचने पर सब कुछ जल चुका था ।मौके पर पहुँचे सीओ करछना राजेश कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक करछना टीकाराम वर्मा जांच पड़ताल कर वापस लौट आये ।जिन्होंने बताया कि उक्त पीड़ित पक्ष द्वारा क्रॉस मुकदमा दर्ज कराने की नीयत से उक्त प्रायोजित घटना को अंजाम दिया गया है।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरू की पूजा के साथ शिव मंदिर में भक्तों द्वारा की जा रे तैयारी

**सहसों।** क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा व श्रावण मास पर शिव मंदिरों तथा मठों में साफ सफाई तथा मंदिरों की सजावट से तैयारी हो रही है। गुरु पूर्णिमा तथा श्रावण मास को लेकर क्षेत्र के शिव मंदिरों तथा मठों में साफ-सफाई के अतिरिक्त सजावट तथा रंग रोगन का कार्य पूर्ण हो चुका है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मठों में गुरु की पूजा अर्चना व दर्शन निमित्त लोग दूर-दूर से पहुंचे हुए हैं। वहीं पर श्रावण मास में एक माह तक सभी भक्त भगवान भोलेनाथ की पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ जलाभिषेक, दुग्ध अभिषेक व पुष्प बिल्वपत्र तथा धूप दीप जलाकर पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजा अर्चना शुरू कर देंगे। शिव मंदिरो मे एक सप्ताह से सफाई रंग रोगन तथा सजावट का कार्य भक्तों द्वारा पूर्ण किया गया। मंदिर परिसर तथा पूरे मंदिर की अच्छे से साफ सफाई के पश्चात रंग बिरंगी आकर्षक विद्युत सजावटों के अतिरिक्त फूल मालाओं से सजाया जा रहा है। बूढेश्वर महादेव मंदिर गुलालपुर, प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर बाबूगंज, प्राचीन शिवालय रामनाथ पट्टी आदि मे पुजारी तथा भक्तों द्वारा पूर्ण की जा चुकी है। इसी प्रकार चिरौड़ा स्थित कबीर मठ, तीन गोडवा मंदिर बीरकाजी में गुरु पूर्णिमा को लेकर भक्तों द्वारा गुरु की पूजा के लिए भक्त जनपद सहित अन्य जनपदों से पहुंच चुके हैं।



## महर्षि महेश योगी आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और आस्था से मनाया गया

**नैनी।** महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर में गुरु पूर्णिमा पर्व बड़ी श्रद्धा और आस्था से मनाया गया' इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ केपी श्रीवास्तव विधायक ने कहा कि गुरु के ज्ञान के बिना मानव पशु समान हैं महर्षि जी ने गुरु ज्ञान से पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति सभ्यता और संस्कार का परचम लहराया' आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव,आश्रम प्रभारी बसंत दास ने गुरु के चरणों में दीप प्रज्वलित करते हुए गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की' इस अवसर पर प्रभारी सुनील श्रीवास्तव,प्रभारी बसंत दास,ऋषि त्रिवेदी,विमल मिश्रा,विनय पांडे,संजय श्रीवास्तव काशी प्रांत उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सरदार पतविंदर सिंह,जेपीश्रीवास्तव,बाबूजी यादव,जय मंगल यादव, सनातन सतपति, आचार्य जितेंद्र,राम मंगल गुप्ता,इं.डी.एन श्रीवास्तव सुरेश श्रीवास्तव सहित आश्रम के हजारों अनुष्ठान पंडित उपस्थित रहे वहीं दूसरी ओर अरैल स्थित विभिन्न धार्मिक आश्रम,मठ,मंदिरों में प्रातःकाल से ही श्रद्धालु गण लंबी-लंबी कतारों मे खड़े होकर गुरु के दर्शन को अपनी बारी का इंतजार करते रहे दर्शन,पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं ने गुरु के भंडारा में पंक्तिबद्ध बैठकर प्रसाद छका।

## संस्कृति सृजन एकेडमी में मनाया गया गुरू पूर्णिमा

**कौंधियारा।** गुरु पूर्णिमा के पर्व पर संस्कृति सृजन अकैडमी में बच्चो को संस्कृति से जोड़ते हुए गुरु पूर्णिमा का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बच्चों ने गुरु के महत्व को बताते हुए एक लघु नाटिका प्रस्तुत की तथा अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया साथ ही कुछ अन्य विद्यार्थियों ने शिक्षकों पर अपने विचार व्यक्त किए साथ ही साथ श्री विपिन कुमार जी के संरक्षण में विद्यालय के बच्चों द्वारा कराटे प्रतियोगिता में काठमांडू में जीते गए मेडल का भी वितरण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता सिंघल जी ने की, प्रधानाचार्या जी ने बच्चो को अपने आशीर्वाद से अभिसिंचित करते हुए बच्चो को गुरू के महत्व के बारे बताया तथा कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था विद्यालय की वरिष्ट शिक्षकों श्रीमती गरिमा गुप्ता,श्री प्रभंजन त्रिपाठी एवं श्रीमती पारुल गुप्ता ने किया तथा तकनीकी सहयोग श्री अमित कुमार मिश्रा एवं अलंकृता जी ने किया।





## गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः

**धनूपुर।** गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः अर्थात गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है और गुरु ही भगवान शंकर है गुरु ही साक्षात परब्रह्म है ऐसे गुरु को मैं प्रणाम करता हूं। यह आस्था बुधवार को राज राजेश्वरी शक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रयाग के पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज जी के सैकड़ों शिष्यों ने अपने गुरु के प्रति गुरू पूर्णिमा के अवसर पर व्यक्त किया। हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया गया। इस पर्व पर अपने गुरु के प्रति आस्था को प्रगट की जाती है तथा विधिवत रूप से गुरु पूजन किया जाता है। इसलिए इस पर्व को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं इस दिन को चारों वेदों के रचयिता और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले वेद व्यास का जन्म हुआ था। यह पर्व अपने आराध्य गुरु को श्रद्धा अर्पित करने का महापर्व है इस अवसर पर महाराज द्वारा कथा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। जिसमें ईश्वरचन्द्र शुक्ला, आशाराम त्यागी, अनुज आचार्य, अशोक आचार्य, मनीष आचार्य, शुभम आचार्य, शशिभूषण त्रिपाठी, सुरेश पांडेय प्रधान, अखिलेश द्विवेदी, राहुल दुबे, पंकज, अभिषेक शुक्ला, रिंकू आचार्य सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

# गंगाधर पब्लिक स्कूल जसरा में पर्यावरण उत्सव मनाकर किया गया पौधरोपण

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** गंगाधर पब्लिक स्कूल रेरा रोड जसरा में 9:30 बजे लायंस क्लब प्रयागराज के सम्मानित सदस्य गण उपस्थित होकर धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प दिलाया। लायन रिजु श्रीवास्तव ने कहा कि पौधे धरती का श्रृंगार हैं, बिना पौधों के धरती सूनी सी रहेगी। इसलिए हम सबको मिलकर धरती को सुसज्जित करने के लिए पौधरोपण करना नितांत आवश्यक है। इन्हीं वृक्षों से हमारा मानव जीवन सुरक्षित होगा। वृक्ष ही पर्यावरण को संतुलित करते हैं पर्यावरण संतुलित होने पर हमारा मानव जीवन भी संतुलित रहेगा। लायन संगीता अग्रवाल और सुशीला शुक्ला ने कहा कि गंगाधर पब्लिक स्कूल ने जो वीणा उठाया है इसके लिए हम विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हैं कि इन्होंने वृक्षारोपण कराके पर्यावरण उत्सव मनाकर समाज को अच्छा संदेश दिया है। लायंस क्लब के सदस्य चंद्रमौलि त्रिपाठी ने कहा गंगाधर पब्लिक स्कूल के लिए हर समय लायंस क्लब सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। लायंस क्लब के सदस्यों का स्वागत विद्यालय के उप प्राचार्य एवं संचालिका रंजना भारती ने सभी लायन सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रबंधक राकेश निषाद व संरक्षक दशरथ भारतीय ने लायंस सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जसरा आशीष सोनकर एवं संचालन सुरेंद्र सोनकर ने किया। इस मौके पर शिक्षामित्र संघ प्रयागराज के जिला अध्यक्ष वसीम अहमद, ग्राम प्रधान टिकरी तालुका कंजासा विजय बी पटेल, धर्मेंद्र पटेल, सुमंत तिवारी, सुरेश कुमार, अनिल केसरवानी, दिनेश केसरवानी ,अजय सिंह, राम प्रसाद धुरिया, राजेश बहादुर सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह, अनुज कुमार, उपमा धुरिया ,यासना गुप्ता, सुष्मिता चौधरी, शताक्षी गुप्ता, सौरभ सिंह, यशवंत पटेल, तिलक राज आदि गणमान्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## नवयुवक ब्राह्मण समाज ने किया पौधारोपण

**सहसों।** पौधरोपण स्वस्थ जीवन एवं पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण आधार है। क्षेत्र में नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय पुरुषोत्तम उर्फ गारापुर में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र की अगुवाई में संगठन के कार्यकताओं ने वृहद तौर पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता तथा पौधारोपण बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा हर व्यक्ति को चाहिए कि बरगद,पीपल, पाकर, गूलर तथा नीम के अधिक से अधिक पौधे लगाएं जो हमारे प्राकृतिक संतुलन के साथ प्राण वायु तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर उन्होंने कहा श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ पौधारोपण के लिए वृहद जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमोद शुक्ला, ए एन मिश्रा, आशीष शुक्ला, पंकज शुक्ला, किशन शुक्ला सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



## यूफोरियल यूथ सोसाइटी ने धरा को हरा भरा रखने के लिए किया पौधारोपण

**प्रयागराज।** यूफोरियल यूथ सोसाइटी ने एस.आर.के.डी.पब्लिक स्कूल यमुनोत्रीनगर में स्कूल प्रबंधक,अध्यापकों एवं छात्र-छात्रा के साथ मिलकर किया पौधारोपण, सोसाइटी ने कई सारे पेड़ पौधे स्कूल के छात्र-छात्रा के साथ मिलकर लगाए जिसमें आंवला, अमलतास, नीम, हरसिंगार आदि पेड़ पौधे लगाए एवं छात्र-छात्रा को उन पौधे के बारे में बताया यूफोरियल यूथ सोसाइटी ?के अध्यक्ष देवेश ने छात्र-छात्रा को पर्यावरण की समस्याओं से अवगत कराया और पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र-छात्रा को उपाय बताया पौधरोपण करें एवं प्लास्टिक बैग का उपयोग ना करें,प्लास्टिक बैग से ना केवल हम पर्यावरण दूषित कर रहे जीव जंतु को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं ।कार्यक्रम में एस.आर.के.डी पब्लिक स्कूल के प्रिसिंपल अश्वनी केसरवानी, अध्यापक अपर्णा सिंह, शिल्पा हीरा, देवेश जायसवाल, अनीश पांडेय, मनोज त्रिपाठी, आशीष, मिताली, सुनील गुफरान खान समाज सेवी आदि लोग शामिल रहे।

## बछडे की हत्या के आरोप में ग्राम प्रधान सहित आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बछडे को मार कर घर में रखा गया था ।और गाय वध के लिए ईदगाह के पास बंधी देख कर जब विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता ने देखा और विरोध किया तो उसे मारा पीटा गया। जिसपर संगठन के अन्य लोग एकत्रित होकर बवाल काटे । पुलिस ने गौशाला संचालक ग्राम प्रधान सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय सुलतान उर्फ पूरे मखदूम में स्थित ईदगाह के पास वध के लिए एक गाय बंधी थी। उधर से गुजर रहे विनय तिवारी ने विरोध किया तो उसे मारा पीटा गया। जिसपर अन्य हिन्दू परिषद के लोग आ गए वाहिद के घर से एक मरा हुआ बछडा मिला। पशु डाक्टर ने पोस्टमार्टम कर जमीन में गडवा दिए । पशु डाक्टर जब बंधी गाय को देखी तो बताया कि गाय के कान में लगे टैग नम्बर चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा गौशाला की है। जिसके संचालक ग्राम प्रधान शिवबाबू हैं। सूचना पर पहुंचे सीओ सोरांव और इंस्पेक्टर मऊआइमा ने जांच की तब तक पंकज तिवारी जिला धर्म प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद के लोग पहुंच कर आरोप लगाए कि गौशाला के संचालक ग्राम प्रधान शिवबाबू तथा कर्मचारी इरशाद नाऊ गाय कसाईयों के हाथ बेच कर दूसरी गाय लाकर कान में टैग नम्बर लगा देते हैं। बहरहाल पुलिस ने बवाल काट रहे विश्व हिन्दू परिषद के लोगों को समझाया। तथा पंकज तिवारी जिला धर्म प्रसार प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद की तहरीर पर पुलिस ने सराय सुलतान उर्फ पूरे मखदूम के वाहिद ,जावेद ,तनवीर, नावेद ,तथा गौशाला के संचालक और चकश्याम पूरे हिंचा के ग्राम प्रधान शिवबाबू तथा गौशाला के कर्मचारी इरशाद नाऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिए। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह का कहना है कि दबिश जारी जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# क्रियायोग आश्रम में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

## गुरु पूर्णिमा सत्य व अहिंसा का पर्व : स्वामी श्री योगी सत्यम

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया । गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्व के उपलक्ष में काफी संख्या में विदेशी साधक भी अपने गुरु के चरणों में शीश झुका कर आशीर्वाद प्राप्त किए । आपको बताते चलें कि पावन पर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान के बहुआयामी आध्यात्मिक प्रांगण में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत आश्रम स्थित महावतार बाबाजी वट वृक्ष के नीचे क्रियायोग गुरुओं की वेदी पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिया योग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । क्रियायोग गुरु ने साधकों को बताया कि किसी भी शब्द या रचना के विषय में सत्य अनुभूति करने का सरलतम व शीघ्रतम उपाय है क्रियायोग । क्रियायोग अभ्यास से अनुभव होता है कि गुरु शब्द अंधकार तथा प्रकाश के सहयोग से बना है । जब अंधकार और प्रकाश के बीच दूरी शुन्य हो हो जाती है तो अंधकार भी प्रकाश में उसी प्रकार रूपांतरित हो जाता है जिस प्रकार दहकते प्रकाशित कोयले के संपर्क से काला बुझा कोयला ऐसी स्थिति में सच्चे ज्ञान की अनुभूति होती है । उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरुदेव स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव में विस्तार से स्पष्ट करते हुए उपस्थित साधकों को क्रियायोग ध्यान का विधिवत अभ्यास कराया । तथा साधकों को यह भी बताया कि गुरु पूर्णिमा सत्य व अहिंसा का पर्व है क्रियायोग ध्यान से सत्य व अहिंसा की अनुभूति अल्पकाल में हो जाती है इस अवसर पर क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने योगावतार लाहिड़ी महाशय ,ज्ञानावतार स्वामी श्री युक्तेश्वर जी, परमहंस योगानंद जी और सभी अवतारों के विषय में स्पष्ट जानकारी दिए। कार्यक्रम में कनाडा,अमरीका ,ब्राजील ,रूस गयाना, सिंगापुर, यूरोप ऑस्ट्रेलिया तथा भारत के विभिन्न प्रदेशों से आए हुए साधक तथा शिष्यगड़ भारी संख्या में भाग लेकर शारीरिक मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किए।



वटवृक्ष के समक्ष दीप प्रज्वलित करते स्वामी श्री योगी सत्यम



गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर आए हुए समस्त साधक



गंगा घाट का निरीक्षण करते अधिकारी

## सिरसा गंगा घाट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी यमुनापार व उपजिलाधिकारी

**मेजा रोड।** मेजा प्रयागराज के एसपी यमुनापार सौरभ दिक्षित ने श्रावण महीने में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए गंगाघाट सिरसा का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लिए और वहीं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। बता दें कि मंगलवार को मेजा के सिरसा गंगा घाट का एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी यमुनापार ने संयुक्त रूप से गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गंगा घाट पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। श्रावण मास के महीने मे मेजा के सिरसा गंगा घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का गंगा स्नान के लिए आगमन होता है। जिसको लेकर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने गंगा घाट का निरीक्षण कर इंतजाम दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और घाटों की साफ सफाई कराए जाने के निर्देश दिए और घाट पर बैरिकेडिंग, अस्थायी शौचालय की व्यवस्था के लिए भी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसडीएम मेजा विनोद कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह व पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ध्यान योग जन जागृति सेवा संस्थान द्वारा मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

## परम उत्सव गुरु पूर्णिमा महोत्सव सत्संग साधना शिविर के आखिरी दिन भक्तों की लगी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बुधवार को ध्यान योग जन जागृति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित परम उत्सव गुरु पूर्णिमा महोत्सव सत्संग साधना शिविर के आखरी दिन गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रातः भव्य शोभायात्रा प्रयागराज के शहर में निकाली गई जिसमें पूज्य गुरुदेव श्री स्वामी कमलेश्वरानंद जी के एवं ब्रह्मप्रिया मां नम्रता कमलिनी जी के सानिध्य में साहचर्य में एवं गुरु पूर्णिमा शिविर के प्रमुख संयोजक श्री लालू मित्तल जी के नेतृत्व में बड़ी ही भव्य एवं सुंदर शोभायात्रा निकली जिसमें पूरे भारतवर्ष से आए हुए साधक से श्रेष्ठ सृजन एवं प्रयागराज क्षेत्र के वरिष्ठ जन भी शामिल हुए । शोभा यात्रा के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पूज्य श्री गुरुदेव ने बताया कि गुरु अमरता का वह प्रतीक है जिन्हें ईश्वर ने स्वयं माध्यम बनाया इस जगत को ज्ञान रूपी आभूषण से सजाने के लिए प्रारंभ भी गुरु से और अंत भी उसी में इसलिए कहा गया यदि ज्ञान ना हो तो मनुष्य का जीवन कैसा होगा जरा सा विचार कीजिए विविध रूप विद नाम के माध्यम से जनमानस में प्रेरणा का स्रोत पुनर वृत्ति है गुरु उस प्रभु की और बार-बार घटता है मात्र जीवों के कल्याण हेतु स्वयं की उधार की प्रवृत्ति भी सृष्टि के कार्य में सहायक इसलिए जीवन उद्धार के संबंध में अवश्य विचार करें प्रेम से समर्पण से जीवन को संपोषित करें चलो थोड़ा निर्भर हो जाते हैं ।पूज्य श्री गुरुदेव ने सभी सदस्यों को परमात्मा ब्रह्म सिद्धि दीक्षा इस गुरु पूर्णिमा पर प्रदान किया जिससे सभी अपने जीवन के उद्देश्य को संपूर्ण कर सकें आनंद में प्रेम में जीवन जी सकें। कार्यक्रम प्रमुख संयोजक लालू मित्तल जी श्रीमती श्वेता मित्तल जी, युगल किशोर मिश्रा जी आदि उपस्थित रहे।



भक्तों के बीच उपस्थित पूज्य गुरुदेव स्वामी श्री कमलेश्वरानंद जी

## विधायक निधि से भी होगा नगर कोरांव का विकास, नरसिंह केशरी

### नगर पंचायत के विकास हेतु विधायक ने अपनी निधि से दिए तीस लाख

रत्योरा। नगर पंचायत कोरांव के विकास में क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने नगर पंचायत कोरांव के संपूर्ण विकास के लिए अपनी निधि से तीस लाख रुपए दिए हैं। इस बाबत नगर पंचायत अध्यक्ष कोरांव नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी ने बताया कि विधायक निधि द्वारा प्राप्त धनराशि से शहीद आरके तिवारी नगर में पुलिया का निर्माण कार्य व चमनगंज मोहल्ले में सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिससे नगर वासियों को आवागमन में सुलभता मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी ने बताया कि बाजार में आने वाले लोगों एवं नगर वासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने हेतु कुल 4 स्थानों पर शीतल पेयजल के लिए आरो प्लांट लगाए गए हैं। जहां बाजार के लोग एवं राहगीर शुद्ध शीतल पेयजल पीने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के दृष्टिगत नगर के मोहल्लों में जल जमाव की स्थिति न बने इसके लिए संपूर्ण नालों की वृहद सफाई कराई जा रही है। जिससे बारिश के दिनों में नगर में गंदगी न फैल सके। उन्होंने इसी प्रकार कई अन्य विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब विधायक निधि से भी

# गुरु पूर्णिमा : परमहंस स्वामी प्रभाकर जी महाराज ने भक्तों को दिया आशीर्वाद



गुरु के समक्ष उपस्थित भक्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर नैनी स्थित सिद्धि विनायक कांप्लेक्स में गायत्री गंगा चैरिटेबल ट्रस्ट के पीठाधीश्वर परमहंस स्वामी प्रभाकर जी महाराज ने गुरु महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागे पांव बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए के अर्थ को बताते हुए कहां की सर्वप्रथम गुरु माता पिता ही होते हैं अंधकार से प्रकाश की ओर मार्गदर्शन करने वाले गुरु होते हैं प्रत्येक शिष्य को अंगद की तरह कार्य करना चाहिए जहां भी जाए अपना पांव जमा देना चाहिए कई शिष्यों ने परम पूज्य गुरुदेव जी का बखान करते हुए इनके चमत्कारी बातों को बताया स्वामी प्रभाकर जी महाराज ने कहा कि आज के दिन सभी शिष्यों को अपने गुरु का दर्शन पूजन करना चाहिए बहुत से ऐसे भक्त होते हैं जो अपने गुरु को भूल कर अन्य तीर्थ स्थानों पर जाते हैं ऐसा उन्हें नहीं करना चाहिए देवी देवता भी उनसे रूठ हो जाते हैं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी शिष्यों ने स्वामी जी का तिलक चंदन अभिषेक करते हुए माल्यार्पण पूजन अर्चन किया उसके बाद सभी शिष्यों ने प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम में. रामा तिवारी राम सागर शुक्ला धर्मेंद्र तिवारी तिवारी अश्वनी तिवारी आदि किससे उपस्थित रहे।



घटना के बाद मृतक के घर पहुंची पुलिस व मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

# मामूली विवाद में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**थरवई।** घर में पिता और भाई के बीच मामूली होने से नाराज युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाना चाहा तो परिजनों ने विरोध करना शुरू कर दिया। थरवई थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी मिठाई लाल भारतीया का बुधवार सुबह अपने पुत्र से मामूली कहासुनी हो गई। जिससे नाराज उसकी पुत्री सरिता 21 ने बीच-बचाव करना चाहा तो परिजन उसके ऊपर भी नाराज हो गए। परिजनों ने बताया कि मामला शांत होने के बाद सरिता अपने कमरे में जाकर फैनहुक से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो उनके होस उड़ गए। सरिता का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। परिजनों ने उसे नीचे उतार कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थरवई पुलिस ने शव को कब्जे में लेना चाहा तो परिजन शव पीएम के लिए देने को तैयार नहीं हुए। जिसपर पुलिस ने किसी तरह शव को कब्जे में लेकर थाने उठा लाई। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दबंगों ने स्कूल में घुसकर प्रधानाचार्य को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मैलहा गांव में स्थित एस एल पाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लक्ष्मी नारायण पाल पुत्र स्व श्याम लाल निवासी पाल नगर मैलहा थाना कोरांव के साथ गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा मारपीट कर प्रधानाचार्य कक्ष में रखे एस आर व प्रवेश रजिस्टर समेत स्कूल के कई अन्य जरूरी कागजात भी फाड़ दिए। एस एल पाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लक्ष्मी नारायण पाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि मुख्य सड़क से विद्यालय तक राजस्व अभिलेखों में चक मार्ग संख्या 409 स्थित है। चक मार्ग के अधिकांश भाग पर शिक्षक विधायक निधि से इंटरलॉकिंग का कार्य भी हुआ है। विद्यालय के पास चक मार्ग की बची हुई भूमि को गांव के ही अखिलेश पाल पुत्र रामजियावन मुन्नीलाल, रामजियावन पुत्रगड़ महादेव, पुष्पराज पाल पुत्र राम लल्लू समेत आधा दर्जन से अधिक लोग मिलकर उक्त चक मार्ग को फावड़े से खोदकर अपने खेत में मिला रहे थे। प्रार्थी ने मना किया तो उपरोक्त लोग मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लात जूतों घूंसो से मारने पीटने लगे। जिससे प्रधानाचार्य को चोटें भी आई हैं। प्रधानाचार्य ने तहरीर में लिखा है कि सुरेश कुमार व पुष्पराज ने धारदार फावड़े से जान से मारने की नियत से वार कर दिया, किंतु प्रार्थी बाल-बाल बच गया। प्रार्थी जब जान बचाकर विद्यालय के प्रधानाचार्य कक्ष में घुस गया। उपरोक्त लोग दौड़ का प्रधानाचार्य कक्ष में घुस आये और पुनः मारने पीटने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोग व विद्यालय की प्रबंधक मेरी पत्नी राजकली छुड़ाने लगी तो उनको भी मारते पीटते हुए ब्लाउज फाड़ कर अश्लील हरकत किया गया। प्रधानाचार्य ने पत्नी के जेवरात भी छीनने का आरोप लगाया है। प्रधानाचार्य ने कहा कि मारपीट के दौरान विद्यालय के बच्चे भी उपस्थित थे। सुबह का समय था अगर बच्चे व गांव के लोग छुड़ाए न होते तो मुझे जान से मार देते। प्रधानाचार्य के मुताबिक कक्ष में रखे विद्यालय के प्रवेश पंजिका रजिस्टर, रजिस्ट्रेशन फॉर्म व अन्य कागजातों को फाड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया तथा धमकी दिए कि इसकी सूचना कहीं दिए तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार वालों को जान से मार देंगे। प्रधानाचार्य ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि मामले की शिकायत थाना कोरांव में की गई किंतु न तो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई और न ही प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी व उसके भाई के शरीर में आई चोटों का डाक्टरी मुआयना कराया गया। जिससे थक हार कर प्रधानाचार्य ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## चकमार्ग विवाद : फाड़े एस आर व प्रवेश रजिस्टर, एसएसपी से हुई शिकायत



## नैनी मे हुई दो पक्षों में जमकर मारपीट, दो घायल

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मलहरा रेलवे क्रासिंग के पास दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। जिसमे महिला समेंत दो लोग घायल हो गए। महिला थाने जा रही थी उसी दौरान वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गई। जिसके बाद वहां मजमा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराया। पीड़ित की तहरीर पर मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की बात कह रही है। मलहरा रेलवे क्रासिंग के पास रहने वाली शिमला देवी व उनकी जेठानी के बेटे अंकुश को पास में ही रहने वाले कुछ लोगों ने जमकर मारापीटा। मारपीट में घायल शिमला देवी पुलिस से शिकायत करने कोतवाली की ओर जा रही थी अचानक मलहरा रेलवे क्रासिंग के पास बेहोस होकर बीच सड़क पर गिर पड़ी उसके आस-पड़ोस के लोगों ने घायल शिमला देवी को सड़क से उठाकर किनारे किया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

# पुलिस भर्ती बोर्ड के सीसीटीवी फुटेज की जांच का आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सिपाही भर्ती- 2015 के एक अभ्यर्थी की अपील पर पुलिस भर्ती बोर्ड के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने का आदेश दिया है। जांच करने का निर्देश लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को दिया गया है।कोर्ट ने निर्देश दिया है कि पुलिस कमिश्नर लखनऊ जांच की रिपोर्ट हलफनामे के साथ कोर्ट में प्रस्तुत करेंगे। यही नहीं कोर्ट ने याची को निर्देश दिया है कि वह इसके लिए पैसा जमा करें। याची अपीलार्थी का कहना था की उसे बार-बार कम लंबाई बताकर फेल घोषित किया गया। जबकि उसने सरकारी नाप कराई है और उसकी लंबाई 168 सेंटीमीटर है। मानक से कम लंबाई के आधार पर सिपाही भर्ती 2015 के अभ्यर्थी को बार-बार अचयनित घोषित करने की सच्चाई जानने के लिए मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली हाइकोर्ट की खंडपीठ ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान सीसीटीवी में कैद फुटेज की जाँच के निर्देश दिए है।

**भर्ती बोर्ड ने 167.5 सेंटीमीटर ही नापी है लंबाई** : सिपाही भर्ती-2015 के अभ्यर्थी रवि प्रताप भारद्वाज द्वारा दाखिल स्पेशल अपील की सुनवाई चीफ जस्टिस और जस्टिस जेजे. मुनीर की खंडपीठ कर रही है। अपीलार्थी का कहना था कि उसकी लंबाई सरकारी अस्पताल में कराई गई नाप मानक के अनुरूप 168 सेंटी मीटर है, जबकि हाईकोर्ट के आदेश पर लंबाई की पुनः नाप के लिए भर्ती बोर्ड द्वारा गठित परीक्षण दल द्वारा अपीलार्थी की लंबाई बार-बार अनुचित ढंग से 167.5 सेंटीमीटर दर्ज की गई। जिसके खिलाफ रवि प्रताप द्वारा परीक्षण दल की रिपोर्ट पर परीक्षा के दिन ही लिखित आपत्ति दर्ज की गई थी। नियमानुसार परीक्षण दल को अपीलार्थी की आपत्ति पर विचार करते हुए लंबाई की नाप अपीलीय बोर्ड द्वारा करना चाहिए था, लेकिन बोर्ड द्वारा सेवा नियमावली में दी गई भर्ती प्रक्रिया के विपरीत अपीलीय बोर्ड से जांच नहीं करवाई गई और अवैधानिक तथा मनमाने तरीके से दुबारा अचयनित घोषित कर दिया गया।

**30 अगस्त तक जांच रिपोर्ट पेश करने के आदेश** : अदालत ने शारीरिक मानक परीक्षा स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच का आदेश देते हुए लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को 30 अगस्त तक जांच रिपोर्ट हलफनामे के साथ दाखिल करने के निर्देश दिये है। याची को इस जांच कराने के एवज में बीस हजार जमा करना होगा।

# हरिद्वार में नेशनल एथलेटिक्स गेम में गोपाल विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** हरिद्वार के प्रेम नगर स्टेडियम में भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित नेशनल एथलेटिक्स गेम्स में गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कबड्डी बालिका अंडर-17 में विजेता रुचि शुक्ला, स्वाति मिश्रा, श्रुति मिश्रा, सूरज केसरी, प्रीति, ममता, मुस्कान रही वहीं 800 और पंद्रह सौ मीटर की रेस में गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव का छात्र विकास यादव प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला डिस्कस में आदर्श मिश्रा अभिषेक यादव प्रथम रहे। 100 और 200 मीटर की दौड़ में संदीप तिवारी गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज अंग्रेजी माध्यम ने जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं मोहम्मद आरिफ ने 400 मिनी रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अक्षिता सिंह ने 100 मीटर में प्रथम स्थान तो महिमा ने 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। छात्र-छात्राओं के इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली ने छात्रों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया। इस दौरान शिक्षक कमलेश तिवारी, गोविंद नारायण मिश्र अवनीश श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

## विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से सम्मानित कर किया गया पुरस्कृत




## शिवालयों में आज से गूंजेगा हर-हर महादेव

**प्रयागराज।** देवाधिदेव महादेव को समर्पित श्रावण मास आज, यानी 14 जुलाई से शुरू हो रहा है। सावन महीना बारह अगस्त को समाप्त होगा। श्रावण मास के प्रथम दिन से ही शिवमंदिरों में जलाभिषेक, रूद्राभिषेक शुरू हो जाएगा और यह सिलसिला पूरा माहभर चलेगा। इस बार सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं। बीते दो साल कोरोना महामारी के कारण शिव मंदिरों में तमाम पाबंदियों के बीच पूजा अर्चना की जा रही थी। इस बार शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। सावन माह को लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारी पूरी कर ली है। माघ मेला क्षेत्र में घाटों और मार्गों की साफ-सफाई, कांवरियों के आने-जाने वाले रास्ते को निर्धारित कर दिया गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रयागराज से बनारस तक जलाभिषेक के लिए जाने वाले कांवरियों के लिए अलग से रूट रिजर्व किया गया है। जनपद के यमुना तट पर स्थित मनकामेश्वर धाम, तक्षक तीर्थ, पड़िला महादेव धाम, सोमेश्वर महादेव, हाटकेश्वर महादेव, सुजावन देव धाम, मनकामेश्वर मंदिर लालापुर सहित सभी नये पुराने शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन मेले को संपन्न करवाने के लिए तैयारी कर ली है।

# खाद्यान्न लेने गयी महिला को कोटेदार के भाई ने पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** तहसील क्षेत्र के कुलमई ग्राम सभा में कोटेदार की दबंगई सामने आई है गल्ला लेने पहुंची महिला से की मारपीट महिला पति समेत कई लोग थाने पहुंचकर की शिकायत जानकारी के अनुसार कुलमई गांव के भारतीया बस्ती की रहने वाली मीरा देवी पासी अपने पति ज्ञानचंद पासी के साथ तीन दिन से राशन लेने के लिए कोटेदार के घर पहुंची तो गल्ला देने के बजाय बेअदबी से बात करते हुए महिला से कहा हर महीने गल्ला लेने आ जाती है जिसपर महिला ने कहा की सरकार के द्वारा दिया जा रहा है तो मैं लूँगी इस पर कोटेदार का भाई कमलेश पांडेय उर्फ झल्लर उसे चप्पल से मारने लगा पत्नी को पीटता देख पति बीच बचाव करने पहुंचा तो उसको भी पीटने लगा और भद्दी भाषा में गाली देने लगा महिला पति समेत घर आकर आप बीती पारिवारिक जन और आसपास के लोगों को बताई इस पर सभी लोग थाने पहुंचे और कोटेदार के भाई जो गल्ला वितरण करता है उसके खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है वहीं दुसरी तरफ कोटेदार की तरफ से भी रजिस्टर एवं सरकारी कागजात ले जाने की शिकायत की है पुलिस मामले की जांच कर रही है आए दिन इस तरह की घटना कोटेदारो के द्वारा सामने आती रहती है।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने दोंनों मामलों में नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर निवासी मुख्तार अहमद पुत्र रहमत उल्ला का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसके परिजनों से लाठी डंडे से मार कर जख्मी कर दिया गया। मुख्तार अहमद ने मऊआइमा थाने में निसार अहमद, जरीना ,शाहीन ,अलफिया शहाना, अरबिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम अलावलपुर निवासी मन्नी लाल पुत्र अमृत लाल का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसे मारा पीटा गया। मन्नी लाल ने मऊआइमा थाने में संदीप, अनुज, देवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दबंगों ने लाइनमैन की पिटाई कर बनाया बंधक

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र एडीए कॉलोनी में 33 केवीए सोमेश्वर विद्युत उपकेंद्र के जुडे संविदा लाइन बनाने गए हुए थे ।आरोप है कि कुछ लोग वहां पहंचे और उनके साथ गाली-गलौच करने लगे। विरोध पर लाइनमैनों को मारापीट और उन्हे बंधक बना लिया। संविदाकर्मिया ने अवर अभियंता को मामले की जानकारी दी। मंगलवार रात अवर अभियंता पीड़ित लाइनमैन के साथ कोतवाली पहुंचकर एक नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी। 33 केवीए सोमेश्वर नाथ विद्युत उपकेंद्र के संविदाकर्मी संजय यादव के मुताबिक क्षेत्र के अवंतिका कॉलोनी, एडीए ट्यूबवेल नंबर दो के पास देर रात फाल्ट हो गया था। जिसे बनाने के लिए संजय धीरज राव, पंकज कुमार, विजयनंद व पीआर भट्टाचार्य के साथ लाइन बनाने के लिए गया था। लाइन बनाने के दौरान कुछ लोग वहां पहुंच गए और लाइट कटने पर उनकी एसी खराब होने की बात कहते हुए गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने संविदाकर्मियों को के साथ मारपीट की उनका मोबाइल फोन छीन लिया और उन्हे वहीं बंधक बना लिया। काफी देर बाद उन्हे वहां से छोड़ा गया। मंगलवार को संविदाकर्मियों ने अपने उच्चाधिकारियों संग नैनी कोतवाली पहुंचकर दबंगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

# लोकसभा व राज्य सभा में उठेगा अग्निपथ का मामला: इमरान प्रतापगढ़ी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महाराष्ट्र से कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य बने इमरान प्रतापगढ़ी ने आज यहां कहा कि सेना में ठेकेदारी प्रथा लाना शर्मनाक है। कांग्रेस इस अग्निपथ विधेयक का विरोध लोकसभा व राज्यसभा में जोरदार ढंग से करेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि प्रदेश में बिजली की व्यवस्था ध्वस्त है। इसके अलावा कानून व्यवस्था की भी हालत प्रदेश में ठीक नहीं है। आज बेरोजगार ठगा हुआ महसूस कर रहा है। युवा राज्यसभा सदस्य ने केन्द्रीय नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रतापगढ़ की माटी का महत्व समझते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने प्रतापगढ़ के एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को राजस्थान से तथा मुझे युवा प्रत्याशी के रुप में महाराष्ट्र से राज्यसभा का चुनाव लड़ाया था। यह कांग्रेस नेतृत्व का दृष्टिकोण है कि वह प्रतापगढ़ के कांग्रेस के इतिहास को ठीक से जानती व समझती है।

युवा राज्यसभा सदस्य ने घोषणा की कि प्रतापगढ़ जिला कांग्रेस कार्यालय को बेहतर बनाने के लिये वह अपने पहले वेतन की धनराशि देंगे। पत्रकारवार्ता में सबसे पहले इमरान प्रतापगढ़ी ने इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया, फिर कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्र, डा0 नीरज त्रिपाठी, इरफान अली, महेन्द्र शुक्ल, डा0 प्रशांत, अब्दुल रहमान, वेदान्त तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता वहां मौजूद रहे। इसके बाद वह प्लाजा पैलेस आए, जहां इनका गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ।

## बेरोजगारों के साथ सरकार कर रही अन्याय



सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का स्वागत करते कांग्रेसी।

## चोरी की तीन मोटर साइकिल तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक की कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन करते हुए बुधवार को जनपद के कोतवाली कुंडा उप निरीक्षक शैलेन्द्र तिवारी अपने हमराही के साथ क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 263/22 धारा 379 भादवि से संबंधित अभियुक्त अनूप तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी निवासी बदगवा थाना महेशगंज, कृष्ण कुमार उर्फ फूटी पुत्र रामआधार यादव निवासी झींगुर थाना महेशगंज, रेवती रमण पाण्डेय उर्फ बुदुल पुत्र राधेकृष्ण पाण्डेय निवासी झींगुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की एक मोटर साइकिल कटी हुई पुर्जों में (स्प्लेंडर प्लस, गाड़ी नं0- यूपी-72-आर-8972), घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल होण्डा साइन व चोरी की मोटरसाइकिल के लगे पुर्जों के साथ एक मोटर साइकिल के साथ उनके घर से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी की।

# केसरवानी समाज के अधिवेशन में शामिल हुए 15 प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज इलाहाबाद में चौक स्थित केसरवानी विद्यापीठ विद्यालय में प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित प्रांतीय अधिवेशन व अध्यक्ष, महामंत्री पद के चुनाव में उ०प्र० के व कुछ अन्य जिलों व प्रांतों से आए हुए हजारों केसरवानी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आयोजित अधिवेशन व चुनाव में भाग लिया। यह जानकारी देते हुए उ0प्र0 केसरवानी समाज के प्रांतीय सदस्य राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने बताया कि प्रयागराज में आयोजित महाअधिवेशन एवं चुनाव में जनपद प्रतापगढ़ से करीब 15 प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य सहित महिला केसरवानी समाज की पदाधिकारियों ने भाग लिया। भाग लेने वालों में मुख्य रुप से लखनलाल (बाबा), राजेन्द्र कुमार केसरवानी, ज्ञान प्रकाश केसरवानी, कृष्णमोहन केसरवानी, सतीश चंद केसरवानी, प्रदीप केसरवानी, संतोष केसरवानी, मनोज केसरवानी, रमेश केसरवानी एवं महिला समाज की अरुणा केसरवानी, उमा केसरवानी, पुष्पा केसरवानी, बीना केसरवानी, सुकन्या केसरवानी, शिमला केसरवानी आदि लोगों ने पूरे कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की।



केसरवानी समाज के प्रांतीय पदाधिकारीगण।

## बोलबम से गूंजा स्टेशन, आरपीएफ के किया मार्च

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सावन माह में भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक की अभिलाषा लिए ट्रेनों से रवाना होने वाले कावरियों का जत्था रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ पहुंचा। बोलबम के जयकारे से प्लेटफार्म गूंज उठा। आने वाली भीड़ को देखकर आरपीएफ ने सतर्कता बरती। इंस्पेक्टर की अगुआई में जवानों ने मार्च किया। ताकि सुरक्षा व्यवस्था और शांति कायम रहे। बुधवार को देहरादून जाने वाली जनता एक्सप्रेस और बाबा बैजनाथ के दर्शन करने बिहार जा रहे कावरियों का जत्था रेलवे स्टेशन पहुंचा। जत्थे में शामिल भक्त बोलबम बोल रहे थे, जिससे स्टेशन परिसर का माहौल भक्तिमय हो गया। कांवरियों का जत्था जा रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल के जवान सतर्क हो गए। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा के नेतृत्व में जवानों ने मार्च किया। इस मौके पर उपनिरीक्षक मंजीत डबास और सहायक उपनिरीक्षक सीपी दूबे समेत कई जवान मौजूद थे।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा करने के आरोपी पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर आवासीय प्लाट का बैनामा करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लालगंज कोतवाली के उमरपुर निवासी रामसुख सरोज के पुत्र पवन कुमार ने कोतवाली मे दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेईस जून को गांव के अख्तर ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सलेम भदारी में एक प्लाट का बैनामा उसके नाम कर दिया। बैनामा के एवज मे आरोपी अख्तर ने चार लाख चालीस हजार रुपए भी उससे ले लिया। बाद मे जानकारी हुई कि अख्तर ने फर्जी दस्तावेज तैयार करते हुए आवासीय प्लाट का बैनामा किया था। पीडित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधडी व जालसाजी के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल कमलेश कुमार पाल ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जमीनी विवाद को लेकर हुए बवाल में दो पक्षों के पन्द्रह आरोपियों पर गंभीर धाराओं मे मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पन्द्रह आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के हण्डौर नहर का पुरवा निवासी रियाजुददीन की पुत्री रूबी ने कोतवाली मे दी गई तहरीर मे कहा है कि जमीनी विवाद को लेकर बीती ग्यारह जुलाई को गांव के रकीब, सैफ, नवरेज, सुफियान, अकरम, जिओ, मोमिना तथा अफरीन ने घर मे घुसकर लाठी डंडो से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों की अचानक की गयी पिटाई से उसका पिता रियाजुददीन गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया। पीडिता की शिकायत पर रकीब समेत आठों आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट व तोडफोड समेत गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर गांव के इस्लाम के पुत्र इमामुददीन ने कोतवाली मे दी गई तहरीर मे कहा है कि ग्यारह जुलाई को बाजार से घर जाते समय गांव के सलमान, शाहरूख, परवेज, एजाज, रियाज, दिलावर तथा शहरेयार अचानक हमला बोल दिया। जमीनी विवाद को लेकर किये गये हमले मे आरोपियो ने उसे मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। मारपीट मे बीचबचाव करने पहुंचे परिजनों को भी जमकर मारापीटा। आरोपियो के हमले मे इमामुददीन के दोनो बेटे अचेत हो गये। पीडित की शिकायत पर आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास बलवा व जान से मारने के आरोप मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। दोनों पक्षो की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करायी जा रही है।



गुरु पूर्णिमा पर गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु।

## गुरु पूर्णिमा पर्व पर हजारो श्रद्धालुओ ने गंगा में लगाई डुबकी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर बुधवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कालाकांकर के पवित्र गंगा नदी में डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बने। गंगा स्नान के बाद मां गंगा की पूजन अर्चन किया और गंगा तट किनारे स्थित मंदिरों में पूजन अर्चन कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। स्नान करने वालों का सिलसिला देर तक जारी रहा। इस पर्व पर गंगातट किनारे श्रद्धालुओ ने दान पुण्य भी किया।

# गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धा से पूजे गए साई बाबा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गुरु पूर्णिमा के पर्व पर बुधवार को बलीपुर साई मंदिर में श्रद्धालुओं ने साई बाबा का पूजन किया। उनका दर्षन करके जीवन में नेकी करने की षक्ति मांगी। तीन दिवसीय साई नाथ महोत्सव के दूसरे दिन बाबा के दरबार को सजाया गया। लोग सुबह से ही यहां पर दर्षन व पूजन को आने लगे। फूल-माला चढ़ाकर व दीपक जलाकर जीवन को प्रकाषमय करने की प्रार्थना करते रहे।

इस अवसर पर संयोजक साई नारायण संस्थान अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने कहा कि सदगुरु के रूप में बाबा सदैव भक्तों का मार्गदर्षन करते हैं। वह कहते हैं कि सबका मालिका एक वही परमसत्ता है। हमें मिलकर प्रेम से रहना चाहिए। घर-परिवार व समाज में एकता, शंति, सेवा, क्षमा व भक्ति के साथ कार्य करते हुए नेक कार्यों से जीवन को सफल बनाना चाहिए। मध्यान्ह आरती के बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया। जयकारे लगते रहे। बाबा का दर्षन करने को व्यवसायी हनुमान प्रसाद सिंह बब्बू, समाजसेवी रोषन लाल ऊमरवैष्य, हरि प्रसाद खंडेलवाल, संजय खंडेलवाल, षिक्षक विनोद सिंह, अमित सिंह मनु, सीएम त्रिपाठी, देवव्रत मिश्रा, अर्चना खंडेलवाल, अवधेष ओझा षिवम खंडेलवाल आदि भी पहुंचे।



साई बाबा की आरती उतारते श्रद्धालु।

## शिकायत पर लेखपाल का तबादला, एसडीएम ने जारी किया फरमान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उप जिलाधिकारी सौम्य मिश्र ने दो लेखपालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसके तहत लेखपाल रामचंद्र त्रिपाठी को खेंमसरी से हटाकर देवली ग्राम पंचायत मे तैनात किया गया है। वहीं लेखपाल आशीष जायसवाल को पूरनपुर खजूर से हटाकर खेंमसरी ग्राम पंचायत मे तैनाती दी गई है। बता दें कि रामचंद्र त्रिपाठी पर गंभीर आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सौम्य मिश्र ने तबादला कर दिया।

...............खबर का असर...............

# रायपुर तियांई झील के खोए अस्तित्व को सवांरने की शुरू हुई कवायद

### सीएम कार्यालय से पत्र मिलने के बाद सक्रिय हुआ प्रशासन, नायब तहसीलदार की अगुवाई में सुरू हुई पैमाइश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रायपुर तियांई झील के खोए हुए अस्तित्व को सवांरने की कवायद शुरू हो गई। बुधवार को नायब तहसीलदार की अगुवाई में झील की पैमाइश की शुरूआत कर दी गई। झील को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सीएम कार्यालय से डीएम को पत्र मिलते ही जिला प्रशासन सक्रिय नजर आने लगा।

स्थानीय तहसील मुख्यालय से लगभग नौ कि० मी० दूर लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ऐतिहासिक रायपुर तिंयाई झील की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो जिले से लेकर केन्द्रीय टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जाँच शुरू कर दी। सीडीओ की पहल के बाद 17 जून को केन्द्रीय नोडल अधिकारी मुरली मनोहर सिंह व केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड जल शक्ति मंत्रालय की किरण सिंह के नेतृत्व में भी टीम ने पहुँच कर झील का अवलोकन कर शासन को रिपोर्ट सौंपी, जिस पर सीएम कार्यालय के विशेष कार्याधिकारी एन.के एस चैहान ने 8 जून को डीएम को पत्र भेजकर पच्चास हेक्टेयर में फैले रायपुर, जगन्नाथपुर, अर्जुनपुर, कैथौला, बरीबोझ स्थित तालाब जिसका परिमापन 9-10 किमी का है, जांच कर इसे अतिक्रमण मुक्त कराकर एवं वृक्षारोपण से सौंदर्यीकरण के संबंध में समुचित कार्रवाही किये जाने एवं कृत कार्यवाही से अवगत कराने का निर्देश दिया है।

24 जून को डीएम ने सीडीओ व एसडीएम को पत्र भेजकर शीघ्र जांच कर कार्यवाही का निर्देश दिया था। एसडीएम ने तहसीलदार को व तहसीलदार ने नायब की अगुवाई में टीम गठित कर तालाब को अधिग्रहण मुक्त कराने का निर्देश दिया। नायब तहसीलदार पंकज कुमार अपनी राजस्व टीम के साथ स्थल पर पहुंच कर दक्षिणी छोर जगन्नाथपुर से तालाब की पैमाइश शुरू कर दी। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक लालजी, लेखपाल शिवम सिंह, रामचन्द्र सरोज, श्याम लाल मौर्य, घनश्याम वर्मा व सूर्य प्रकाश मिश्र मौजूद रहे।



रायपुर तियांई झील की पैमाइश करते अधिकारी व कर्मचारी।

## अतिक्रमण मुक्त का दावा हुआ फेल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय राजस्व कर्मी आज तक तालाब की जमीन को अतिक्रमण मुक्त की रिपोर्ट शासन को भेजते आए हैं। वह महज कागज के पन्नों तक ही सीमित था लेकिन पैमाइश शुरू होते ही अतिक्रमण करने वालों के चेहरे पर जहां मायूसी देखी गई, वहीं प्रशासन का अतिकमण मुक्त का दावा भी फेल नजर आया।

## बीडीओ के लिए मायने नही रखता तहसीलदार का आदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय बीडीओ के लिए तहसीलदार का आदेश कोई खास मायने नहीं रखता है। बीडीओ को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था कि वह अपनी टीम के साथ पैमाइश स्थल पर मौजूद रहेंगे, लेकिन बीडीओ साहब व ब्लाक का कोई भी कर्मचारी तालाब की पैमाइश में जाना मुनासिब नहीं समझा।

# अपाहिज रवि के बच्चों को पढ़ायेगा बच्चा बैंक

### 6 माह पहले स्कूल बिल्डिंग से गिरा था रवि विश्वकर्मा, चोट के कारण आधा शरीर हो चुका है बेकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** छह माह पहले मजदूरी करते समय स्कूल की बिल्डिंग से गिरे रवि विश्वकर्मा ने गम्भीर रूप से घायल होने की वजह से खटिया पकड़ ली। फिर से उठ नहीं पाया है। चोट लगने से उसका आधा शरीर कमर के नीचे का हिस्सा बेकार हो गया है। उसकी दवा में सारा पैसा लग गया। घर के हालात बहुत की खराब है। उसके बच्चों का जीवन बबार्दी से बचाने। उन्हें शिक्षित कर अच्छा इंसान बनाने के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफ जी मदद करने के लिए आगे आया है। रवि के घर पहुंचे ग्रुप के साथियों ने उसके बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा लिया है। इसके अलावा बच्चों की और जो भी जरूरत होगी वह भी पूरा करने का वादा रवि और उसके परिजनों से मुलाकात कर के सदस्यों ने किया।

## खटिया पकड़ लेने से रवि के घर की आर्थिक स्थिति दयनीय, मजदूर के घर मदद को पहुंचा बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप

कोतवाली नगर के गोपालापुर गांव का रवि विश्वकर्मा गायघाट रोड पर एक स्कूल की पेंटिंग करते समय धक्का लगने से नीचे जमीन पर गिर गया था। जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आई। डाक्टरों के अनुसार चोट गहरी होने से उसके शरीर के कमर के नीचे वाले हिस्सा ने काम करना बंद कर दिया है। उठ बैठ नहीं पाता है।उसके खटिया पकड़ लेने की वजह से बच्चों और परिवार के सदस्यों के सामने आर्थिक संकट आ गया है।

भूखों मरने की नौबत है। उसके घर में पत्नी वंदना, तीन बच्चे अंश (6), मीनाक्षी (4) प्रियांशु (3) के अलावा मां सुशीला देवी हैं। जवानी में ही रवि (28) के खटिया पकड़ लेने से पत्नी और मां दोनो का रो रोकर बुरा हाल है। मजदूरी न करें तो पेट न पले। बच्चों का भविष्य अन्धकार में हैं। रवि के हालात की जानकारी होने पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी उसके घर पहुंचा। ग्रुप के सहयोगी सतेंद्र गुप्ता और अरुण कान्त मिश्रा ने बताया कि रवि के घर की दशा दयनीय है। उसने बताया कि जीवन से हारा नहीं है। जल्द ही उठेगा। उसके तीनों बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी ग्रुप ने ले ली है। इसके अलावा भी बच्चों की मदद की जाएगी।

# कुंडा व बाबागंज के प्रत्येक घर तक पहुंचेगा स्वच्छ जल: सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जल्द ही कुण्डा के तीन रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की तैयारी केंद्र सरकार कर रही है। वर्ष 2014 से विकास का जो रथ कुंडा बाबागंज में चला है, वह रुकने वाला नहीं है। कुंडा बाबागंज में लगातार सड़क, बिजली, पानी सहित केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं पहुंच रही है। कुंडा बाबागंज में भाजपा सरकार में विकास कार्य तेजी से बढ़ रहा है। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से लगातार क्षेत्र का विकास किया जा रहा है।

जल्द ही कुंडा क्षेत्र के मवई रेलवे फाटक, बाबूगंज रेलवे फाटक व करेंटी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का कार्य प्रारंभ होगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। करेंटी में गंगा का पुल बनकर तैयार हो गया जिसका जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। 2024 तक कुंडा बाबागंज विधानसभा के प्रत्येक घर तक नल से स्वच्छ पेयजल मिलना प्रारंभ हो जाएगा। उक्त बातें कौशांबी सांसद, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव, संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापित एवं त्रिपुरा राज्य के प्रभारी विनोद सोनकर ने बुधवार को कालाकांकर विकासखंड के कोराली, जनवामऊ, पिथनपुर, काशीपुर, मनार व लालगंज ब्लाक के रामगढ़ रैला में अमृत सरोवर के भूमि पूजन के दौरान उपस्थित जनसमूह के बीच कहीं।

## श्रावण मास को लेकर घुइसरनाथ धाम में सभी तैयारियां पूरी, सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में गुरूवार से श्रावण मास के शुरूआत को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासन ने सई नदी के घाट पर बैरीकेटिंग कराने के साथ ही परिसर की साफ सफाई करायी है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। नदी मे नाव के साथ गोताखोर को बुलाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी प्रशासन की ओर से लगवाये गये हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए महिला व पुरूष श्रद्धालु को अलग अलग कतारबद्ध करके दर्शन पूजन के लिए मंदिर मे भेजा जाएगा। उधर मंदिर प्रशासन की ओर से भी दर्शन पूजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मंदिर को लकदक बनाने के साथ ही साफ सफाई करायी गयी है। श्रद्धालुओं की भीड होने पर मंदिर प्रशासन ने पीछे के गेट से दर्शन के बाद बाहर निकालने की तैयारी की है। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि बाबा धाम में श्रावण मास को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नही होने दी जाएगी।

# आवारा पशुओं का निवाला बन रहा किसान की धान की नर्सरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाबजूद भी आवारा पशुओं की संख्या में तेजी से बढ़ती जा रही है जिसको लेकर किसान दिन रात अपनी धान की नर्सरी पर टिक टिकी लगाए बैठा रहता है जिसको लेकर किसान परेशान नजर आ रहे है विकास क्षेत्र कालाकांकर के सूबेदार का पुरवा, नवाबगंज, सोनामऊ, बाजिदपुर, राजा का पुरवा, कड़रौ कोथरिया, जुगइ का पुरवा, मिश्रपुर परियावां आदि गाव में आवारा पशुओं की झुंड किसान की धान की नर्सरी को मौका मिलते ही अपने मुंह का निवाला बना रही है ।

जब कि मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि यदि आवारा पशु क्षेत्र में मिलने की जानकारी हुई तो सम्बंधित अधिकारियों की खैर नही है। लेकिन यहां पर तो मुख्यमंत्री का आदेश हवा हवाई साबित हो रहा है आवारा घूम रहे पशुओ को स्थानीय गौशाला में कोई भेजने को तैयार नही है जब कि गौशाला में जानवरों की देख भाल के लिए दिन व रात दो शिफ्टों में नौकर रखे गए है जिनको सरकार की तरफ से वेतन दिया जा रहा है फिर भी क्षेत्र में आवारा पशुओं की चहल कदमी मची हुई है। यदि इनको जल्द ही गौशाला नही भेजा गया तो किसानों की सारी मेहनत पर पानी फिर जाएगा और परिवार भुखमरी के कगार पर खड़ा हो जाएगा। किसानों का कहना है 180 रु प्रति घन्टे की दर से हम लोगो को पानी मिल रहा है जिससे धान की नर्सरी किसी तरह तैयार कर रहे है बारिश का कोई भरोसा नही है करे तो क्या करें। लगता है इस बार इंद्रदेव रूठे हुए है जो बारिश नही कर रहे है यदि यही हाल रहा तो स्थिति बड़ी नाजुक बन जाएगी।

## रंजिश के चलते घर मे घुसकर जानलेवा हमला, सात आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश के चलते घर मे घुसकर हुई मारपीट व तोडफोड के मामले में सात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपियो की तलाश मे जुट गयी है। लालगंज कोतवाली के पूरे वासी निवासी अंबिका प्रसाद पाण्डेय के पुत्र प्रतूल पाण्डेय का आरोप है कि बुधवार की सुबह छः बजे गांव के रंजीत, सर्वेश, फूलचंद्र, राकेश, जियालाल, रामपाल, हरिश्चंद्र लाठी डंडा लेकर एकराय हो हमला बोल दिया। रंजिश के चलते आरोपियो ने घर मे घुसकर उसकी लाठी डंडो व कुल्हाडी से जमकर पिटाई कर दी। आरोपियो ने घर मे रखे कीमती सामानो को भी तोडकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हमलावरो की जोरदार पिटाई मे प्रतूल बेहोश हो गया। घटना की जानकारी पर आसपास के लोगों ने प्रतूल को अस्पताल पहुंचाया। इसके पश्चात पीड़ित लालगंज कोतवाली पहुंचा और आरोपियो के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पीडित प्रतूल की शिकायत पर रंजीत कुमार समेत सात आरोपियो के खिलाफ बलवा, घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड तथा हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज करते हुए आरोपियो की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो० सलमान पुत्र इसाक निवासी परई उग्रसेनपुर थाना पश्चिम शरीरा को एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### गैंगेस्टर के वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** चरवा पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना सराय अकिल पर पंजीकृत मुकदमा गैंगस्टर एक्ट से संबंधित दो वांछित अभियुक्तों हर्षित शुक्ला पुत्र सुरेश चन्द्र शुक्ला व सुरेश चन्द्र शुक्ला पुत्र राज नारायण शुक्ला निवासीगण बुद्धपुरी थाना सराय अकिल को विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधान पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मनोज पुत्र महगू लाल निवासी अलीपुर जीता थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# प्राथमिक विद्यालयों में अनन्त प्रतिभायें पढ़ती हैं : सीडीओ

### सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर प्रधानाध्यापकों शिक्षकों, ग्राम प्रधानों एवं सचिव ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास से बच्चों को शिक्षा के लिए मिल रहा अच्छा वातावरण

**अखंड भारत संदेश**



प्रमाण पत्र वितरित करते सीडीओ

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने उदयन सभागार में आयोजित ऑपरेशन कायाकल्प के तहत स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वितरण समारोह वर्ष-2021-22 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों शिक्षको ग्राम प्रधानों एवं सचिव ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय हसनपुर पुरवा कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय कृषक इण्टर कॉलेज एवं प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर प्रथम के प्रधानाध्यापकों को हैण्डवाशिंग विथ सोप श्रेणी में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया इसी प्रकार कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय खरौना उ0प्रा0वि0 कटरी एवं दिलीप सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाध्यापकों को पेयजल श्रेणी तथा डीडीआर पब्लिक इ0का0 महेशपुर एवं उ0प्रा0वि0 मलाक भारत के प्रधानाध्यापकों को शौचालय श्रेणी एवं कम्पोजिट विद्यालय परसरा के प्रधानाध्यापक को बिहैवियर चेन्ज एण्ड कैपेसिटी बिल्डिंग श्रेणी तथा कम्पोजिट विद्यालय टेनशाह आलमा बाद के प्रधाना ध्यापक को ऑपरेशन एण्ड मेन्टीनेन्स श्रेणी व कम्पोजिट विद्यालय मोगरी आमद हथगॉव के प्रधानाध्यापक को कोविड-19 (प्रीपेयर्डनेस एण्ड रिस्पान्स) श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार मुख्य विकास अधिकारी ने डॉ0 रिजवी स्कूल करारी कम्पोजिट विद्यालय कंजापर कम्पोजिट विद्यालय बजहा खुर्रमपुर कम्पोजिट विद्यालय नसिंगपुर कछुआ एवं कम्पोजिट विद्यालय मोगरी आमद हथगॉव के प्रधानाध्यापकों को ओवर ऑल कैटेगरी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा कम्पोजिट विद्यालय कोतारी पश्चिम के शिक्षक रामचन्द्र कम्पोजिट विद्यालय रक्सराई के शिक्षक राजकुमार त्रिपाठी कम्पोजिट विद्यालय हिनौता के शिक्षक शिवसरन पाण्डेय कम्पोजिट विद्यालय गौसपुर नवावा के शिक्षक सत्यप्रकाश कम्पोजिट विद्यालय कादीपुर की शिक्षिका सबिता देवी प्राथमिक विद्यालय सकाढ़ा के शिक्षक रवि दुबे उ0प्रा0वि0 सिंहपुर के शिक्षक रमेश सिंह एवं उ0प्रा0वि0 इमली गॉव के शिक्षक राजीव कुमार जायसवाल को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया मुख्य विकास अधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव ग्राम पंचायत अमित साहू सत्यप्रकाश पाण्डेय अमित कुमार सिंह धनराज सिंह अंशुमान सिंह आफताब आलम प्रदीप कुमार एवं श्रवण कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा ऑपरेशन कायाकल्प के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम टेवा की प्रधान विट्टन देवी ग्राम मुस्तफाबाद के प्रधान वीरेन्द्र कुमार ग्राम चॉदिराई की प्रधान श्रीमती सत्यभामा सिंह ग्राम चिल्ल शाहबाजी के प्रधान अजय वर्मा ग्राम कादिलपुर की प्रधान मंजू सिंह ग्राम कन्थुआ की प्रधान निशा निषाद, ग्राम जियापुर खनवारी के प्रधान लवकुश चौरसिया एवं ग्राम सिरियॉवा कला के प्रधान मो0 साजिद को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीडीओ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा, शिक्षा के प्रथम पायदान की संस्था हैं उन्होंने बेसिक शिक्षा में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, ग्राम प्रधानों एवं सचिव ग्राम पंचायतों की प्रशंसा करते हुए अपेक्षा की कि वे इसी प्रकार और बेहतर कार्य करेंगे तथा उनके इस कार्य से और लोग भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्हांने कहा कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास से बच्चां को शिक्षा के लिए अच्छा वातावरण मिल रहा है। उन्हांने ग्राम प्रधानां से अपेक्षा की कि वे इसी प्रकार विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर आधारभूत सुविधाओं के विकास पर कार्य करेंगे, जिससे बच्चां को शिक्षा के लिए और बेहतर वातावरण मिलेंगा। उन्हांने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में अनन्त प्रतिभायें पढ़ती हैं एवं इन विद्यालयां में अनन्त सम्भावनायें हैं। उन्होंने सचिव ग्राम पंचायतों को शिक्षा एवं बच्चां के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देकर कार्य करने के निर्देश दिये कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह एवं जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ0 बाल गोविन्द श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत, परिजनो ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**कौशाम्बी।** थाना सैनी क्षेत्र के मधवामाई गांव में डेरा का पुरवा मजरा अंतर्गत एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मौत की खबर जैसे ही परिजनों को लगी चारों तरफ चीख-पुकार मच गई चीख पुकार सुनकर लोग इकट्ठा हो गए जिसके बाद मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली के मधवा मई गांव के डेरा का पुरवा निवासी अतीक अहमद की पत्नी की अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया मामले में सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया लगभग 20 घंटे बाद पीएम से शव आने के बाद पुलिस की मौजूदगी में उसका दाह संस्कार कराया गया, मृत महिला के परिजनों ने उसके पति पर हत्या करने का आरोप लगाया है वहीं पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जा रही है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही कराई जाएगी।



युवक के डूबने की जानकारी पर लगी गंगा स्नान करने वालों की भीड़

### गंगा में डूबे दो युवक एक की मौत, एक को बचाया

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर दुर्गा भाभी पुल के पास दो युवक गंगा नदी में नहाने के लिए कूद गए इस दौरान एक किशोर की डूब कर मौत हो गई जबकि दूसरे को गोताखोरों ने बाहर निकाल लिया इससे दूसरे युवक की जान बच गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची शहजादपुर पुलिस चौकी इंचार्ज सुमित आनंद ने शव का पंचनामा भरकर परीक्षण के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गुरु पूर्णिमा के दिन 13 जुलाई सुबह 7:00 बजे सुमित कुमार प्रजापति उम्र 10 वर्ष पुत्र रामप्रकाश व अनिल कुमार प्रजापति उम्र 21 वर्ष पुत्र सूरजपाल निवासी गुलामी पुर थाना सैनी दोस्तों के साथ गंगा नदी नहाने दुर्गा भाभी पुल शहजादपुर आए हुए थे। जहां नदी में नहाने के दौरान सुमित कुमार पुत्र राम प्रकाश प्रजापति की गंगा नदी में डूब जाने से मृत्यु हो गई है। अनिल कुमार पुत्र सूरजपाल प्रजापति को गोताखोरों द्वारा बाहर निकाला गया। जो बच गया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई कर रही है।

# चकबंदी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**



प्रदर्शन करते अकबराबाद गांव के आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीण

**कौशांबी।** ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर दबंगों के कब्जे होने से चायल तहसील क्षेत्र के अकबराबाद गांव के आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर गांव में चकबंदी कराए जाने की आवाज बुलंद की है प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि बंजर भूमि रास्ता और चकरोड की भूमि पर अवैध कब्जे हैं।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि पंचायत भवन के पास आराजी संख्या 376 में भी दबंगों ने कब्जा कर लिया है और चकबंदी हो जाए तो अवैध कब्जे की भूमि सार्वजनिक हो जाएगी लोगों ने कहा कि रास्ता और चकरोड में कब्जा कर लिए जाने से आने-जाने की समस्या बनी हुई है ग्रामीणों का कहना है कि गांव में तमाम समस्याएं हैं कूड़ा कचरा फेंकने के लिए सफाई कर्मियों को जमीन नहीं चिन्हित की गई है जिससे गांव में गंदगी व्याप्त रहती है तमाम समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर गांव में चकबंदी कराए जाने की मांग की है इस दौरान ग्राम प्रधान अमरावती देवी रामदयाल कमलेश कुमार रामपाल कल्लू चंदू पाल धर्मदास पंचू लाल मोतीलाल राजेंद्र भवानीदीन लवलेश कुमार बुद्धि लाल रामबली सुदामा देवी उर्मिला देवी संगीता देवी शांति देवी पुष्पा देवी उमा देवी सोनी देवी फूल कली मसूरी देवी रीता देवी कुमारीया कलावती फूलकली चंपा देवी गीता देवी मनीषा देवी हीरालाल अमृतलाल सोहनलाल ज्ञानचंद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### देश में लागू हो जनसंख्या नियंत्रण कानून




**कौशाम्बी।** चायल तहसील के मूरतगंज कस्बा स्थित जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिला कार्यालय में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की बुधवार को एक बैठक आयोजित हुई बैठक में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश सूचना प्रमुख राकेश चौधरी द्वारा जनसंख्या नियंत्रण की मांग पर चर्चा की गई जिसमें जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष बृजेश सरोज ने कहा कि जब तक जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू नहीं हो जाता हम सब कार्यकर्ता मिलकर यह आंदोलन बैठक जारी रखेंगे बैठक के दौरान कार्यालय प्रमुख बबलू जाटव रंजीत बृजेश सरोज सहित तमाम पदाधिकारियों ने जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की है।

### बजरंगबली के भक्त को लगा करेंट बाल बाल बचा भक्त

#### मामला बड़ी कुटी गौरा निवासी भक्त किशन केशरवानी का

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत गौरा में बड़ी कुटी में भगवान राम और हनुमान जी की मूर्ति स्थापित है गौरा रोड निवासी एवम बजरंगबली के भक्त किशन का प्रतिदिन बड़ी कुटी स्थित भगवान राम व हनुमान जी के मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना व साफ सफाई की ब्यवस्था बीते कई वर्षो से प्रतिदिन सुबह-शाम कर रहे हैं जिसके चलते भगवान की कृपाद्दष्टि उन पर बनी हुई है आज उन्हें मंदिर में विद्युत करंट का तेज झटका लगा लेकिन वह बाल बाल बच गए। बता दे कि रोज की भांति बुधवार की सुबह किशन मंदिर की सफाई कर ही रहा था तभी कही से तार कटकर पड़ा हुआ था तभी उक्त तार को जोड़ने किशन गया चूंकि उसका हाथ गीला था जिसको छूते ही करेंट ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया जब किशन को करेंट ने जकड़ लिया था उस वक्त उसके पास कोई भी नही था वह मूर्छित स्थित में पड़ा हुआ था जिसके ऊपर अचानक बजरंगबली की कृपा हुई और वह होश में आते ही उसने हाथ को पूरी ताकत से झटका और वह दूर जाकर गिरा जिसके चलते उसकी जान बच गयी परंतु लोगो के मुंह से यह शब्द निकलते नही बन्द हो रहा है कि यह सब भगवान की सेवा रोज किया करते थे इसी लिए भगवान ने अपने भक्त की जान जाने से बचा लिया ' लोगो ने उसको उठाकर स्वास्थ्य लाभ के लिए चिकित्सक के पास ले गए जहां पर अब वह स्वस्थ है

### ट्रेन हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के सिराथू रेलवे स्टेशन के समीप कांशी राम कॉलोनी के सामने रेल लाइन पर एक युवक उम्र तकरीबन 25 वर्ष का क्षत विक्षत शव मिला है रेल लाइन पर शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही रेलवे कर्मचारी और पुलिस मौके पर पहुंच गई है जैसे ही ग्रामीणों को शव पड़े होने की जानकारी मिली मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है ट्रेन हादसे में युवक के शव के चिथड़े उड़ गए हैं सिराथू चौकी पुलिस ने लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया है लेकिन काफी प्रयास के बाद युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है

### युवक को उठा ले गए किन्नर

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव निवासी दरबारी लाल पुत्र दुबरी लाल ने चरवा पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके लड़के मिश्रीलाल को 8 जुलाई को मनौरी बाजार से बहला-फुसलाकर पड़ोस में रहने वाले किन्नर मुस्कान उर्फ चांदनी कानपुर उठा ले गई है फोन पर बात होने पर किन्नर मुस्कान ने कहा कि 2 दिन बाद लड़का के लेकर गांव आ जाऊंगा लेकिन उसके बाद किन्नर का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया है किन्नर का मोबाइल स्विच ऑफ होने से उससे संपर्क नहीं हो जिससे परिजन परेशान हो गए हैं बालक के गायब होने पर उसके परिजनों ने मामले की तहरीर चरवा पुलिस को दी है।

# गंगा स्नान कर भक्तों ने की गुरुओं की पूजा



**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सतयुग के समय से आषाढ़ पूर्णिमा को गुरु पर्व मनाया जाता है और इस दिन अपने गुरुओं की पूजा करने की पुरानी परंपरा चली आ रही है इसी क्रम में कौशांबी जिले के लाखों लोगों ने गंगा यमुना के विभिन्न घाटों में गंगा यमुना के जल में स्नान कर मंदिरों में पूजा अर्चन किया और अपने गुरुओं की पूजा की जिले के गांव शहर में गुरु पूर्णिमा के दिन घर-घर गुरु की पूजा किए जाने का विधान है परंपरागत इस पर्व को लोगों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया है सुबह 5:00 बजे से गंगा यमुना स्नान के लिए भक्त नदी किनारे पहुंचने लगे और भक्तों ने गंगा यमुना नदी में डुबकी लगाकर स्नान किया कड़ा धाम घाट पलहाना घाट सांदीपन घाट बदनपुर घाट कुबरी घाट उमरछा घाट काकरा बाद घाट कराई घाट सहजादपुर घाट महेवा घाट पभोषा घाट सहित जिले के विभिन्न गंगा यमुना के घाटों में लाखों भक्तों ने स्नान कर गुरु जनों की पूजा अर्चन किया है स्नान पर्व की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रही जल पुलिस और गोताखोर भी नदी के किनारे सुरक्षा को लेकर तैनात रहे जिले के प्रमुख चौराहों पर भीड़ न लगने पाए इसलिए होमगार्ड पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी।



### गुरु पूर्णिमा पर पतंजलि योगपीठ में संपन्न हुआ हवन यज्ञ

**कौशाम्बी।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व के अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जनपद कौशांबी के पदाधिकारियों ने टेवां बाजार में भारत स्वाभिमान के तहसील प्रभारी मंझनपुर राधेश्याम राजपूत के आवास पर हवन यज्ञ कर गुरुओं को प्रणाम किया इस अवसर पर यज्ञ के यजमान के रूप में पूर्व ग्राम प्रधान टेवां एवं भारत स्वाभिमान न्यास के राज्य कार्यकारणी सदस्य वीरेन्द्र सिंह आचार्य लालता प्रसाद बांके लाल बैद्य संतोष राजपूत गुलाब सिंह राजपूत भैय्या लाल मंझनपुर प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास बहन पदमा जी महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्षा राजू केसरवानी जगमोहन राजपूत लखन सोनकर पतंजलि योग मीडिया प्रभारी हिमांचल मौर्य आदि लोगों ने यज्ञ हवन करके श्री गुरु को नमन किया साथ ही साथ सनातन धर्म के बारे में एवं यज्ञ हवन के द्वारा वातावरण शुद्धि, आत्म शुद्धि, तन मन के द्वारा-कर्म प्रमुख ही धर्म बताते हुए जीवन को संयमित एवं प्रकृति से जोड़कर जीने की कला बताई गई प्रकृति से जुड़ी हुई जीवन पद्धति स्वस्थ और सर्वोत्तम है सत्कर्म, सात्विक भोजन प्रकृति से जुड़ी हुई जीवन पद्धति ही सर्वोत्तम है उक्त बातें पतंजलि योगपीठ के पदाधिकारियों ने बारी बारी से अपने वक्तव्य में कहा।

# विधुत सप्लाई के बार बार ट्रिपिंग के चलते महीनों से नही मिल पा रहा पानी

#### भरवारी कस्बे के गौशाला वासियो में मचा हाहाकार लोगो मे आक्रोश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के मेहता रोड के गौशाला वासियो को महीनों से पानी नही मिल पा रहा है जिसकी वजह विधुत की बार बार ट्रिपिंग होना बताया जा रहा है आपको बता दे कस्बा भरवारी के गौशाला में बिजली की लुका छिपी के चलते महीनों से गौशाला वासियो को पानी नही मिलने से वहाँ के लोगो में हाहाकार मचा हुआ है इतना ही नही जब बिजली आती है तब पानी नही आता जब पानी आता है तब बिजली नही रहती उसकी मुख्य वजह लोगो ने बताया कि बिजली की बार बार ट्रिपिंग के चलते लोगो तक पानी नही पहुच पा रहा है जिसकी वजह से लोगो मे जबर्ददत आक्रोश ब्याप्त है। गौशाला वासी विनीत ने बताया कि एक कहावत कहि गईं है कि चिराग तले अंधेरा मतलब गौशाला के ठीक सामने विधुत स्टेशन है उसके बाद भी विभाग समस्या को नजर अंदाज कर धृतराष्ट्र बना हुआ है अपने सामने की ट्रिपिंग की समस्या को दूर करने की बजाय कस्बा में घूम घूम कर लाइट काटकर ग्राहकों से धन दोहन करना विभाग के लोगो का एक मात्र फामूर्ला है जिसके चलते गौशाला वासियो के सामने नित्य क्रिया तक के लिए पानी की व्यवस्था नही हो पा रही है और विधुत विभाग फर्जी तरीके से वसूली में मस्त है कस्बा भरवारी के भी कुछ दुकानदारों ने बताया कि हम लोग अपनी अपनी दुकानों में चले जाते है उसके बाद विधुत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अपने दलाल कर्मचारियों की मदद से उन घरों को निशाना बनाते है जिनका बिल व बिल का भुगतान सब कुछ जमा होता है सिर्फ नही होता है तो उनके घरों में कोई भी पुरुष घर का दरवाजा खुलवाने की जिद्द पर जबाब में हम लोग के घरों में कोई पुरुष नही है कागज देखने है दरवाजा न खोलने की सजा उनकी पोल से लाइट काट दी जाती है फिर कटवाने जोड़वाने का खेल शुरू यह खेल दलालों के द्वारा रुपयो तक खेल होता है कस्बा में लाइट क्यो ट्रिपिंग हो रही है जिससे आम जनता परेशान हो रही है उसको कैसे दूर किया जाय उसपर विभाग के जिम्मेदारों के कानों में जू नही रेंगती है जिसका खामियाजा प्रत्यक्ष गौशाला वासियो की समस्या सबके सामने है।

# बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन 25 से 31 जुलाई तक किये जाने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का कार्यक्रम 25 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक मनाया जायेगा जनपद में 25 जुलाई से 31 जुलाई 2022 के बीच में न्यूनतम दो कार्यक्रम आयोजित कराने तथा कार्यक्रम हेतु कोई स्वतन्त्रता संग्राम से जुड़ा हुआ स्थल अथवा अद्यतन ऊर्जीकृत ग्राम को स्थल के रूप में चयनित करने के निर्देश दिये गये हैं भारत सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में नोडल अधिकारी नामित किया जायेगा बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस के अन्तर्गत अद्यतन ऊर्जीकृत ग्राम एवं स्वतन्त्रता संग्राम से जुडे. हुए स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा उर्जा विभाग से सम्बन्धित योजनाओं यथा-सौभाग्य योजना दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना वन नेशन वन ग्रेड उपभोक्ता अधिकार सोलर रूफ टॉप योजना इत्यादि योजनाओं का प्रदर्शन एवं संक्षिप्त आडियो-वीडियो चलचित्र तथा भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम द्वारा बनाये गये आडियो वीडियो चलचित्र का भी प्रदर्शन किया जायेंगा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में किये गये उत्तम कार्य हेतु सम्बन्धित कार्मिकों को भी सम्मानित किया जायेंगा बिजली महोत्सव में गरिमा के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जायेंगे एवं उसमें जनपद की स्थानीय कला का भी प्रदर्शन किया जायेंगा बिजली महोत्सव में प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। कार्यक्रम स्थल पर नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा की उर्जा संरक्षण एवं कुसुम योजना प्री-पेड स्मार्ट मीटर रूफ टॉप सोलर योजना उपभोक्ता अधिकार घरेलू प्री-पेड स्मार्ट मीटर ग्राम ऊर्जीकरण विद्युत उत्पादन एवं पारेषण विषयों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराने के निर्देश दिये गए हैं।

### मंझनपुर ब्लाक प्रमुख को हटाने की कवायद शुरू

**कौशांबी।** निर्वाचित लोगों को पद से हटाने के लिए बड़े लोगों के दरबार में रणनीति बनाई जाती हैं और फिर अविश्वास प्रस्ताव लाकर जनमत से काबिज हुए लोगों को हटाकर पद पर कब्जा करने की कोशिश शुरू होती है अविश्वास प्रस्ताव के जरिए लोगों को पद से हटाकर कुर्सी पर कब्जा करने की यह परंपरा जिले में बहुत पुरानी है इन दिनों मंझनपुर ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनके खिलाफ मुहिम चलाए जाने की रणनीति शुरू हो गई है एक बड़े दरबार में ब्लाक प्रमुख के विरोधी पहुंचे हैं और वहां पर अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने में सहयोग की बात शुरू हुई है हालाकी मंझनपुर ब्लाक प्रमुख सरला राय ने ब्लाक प्रमुख के चुनाव में बीडीसी सदस्यों के समर्थन से जीत दर्ज किया था सरला राय से पराजित होने वाला व्यक्ति इन दिनों एक बड़ी दरबार में पहुंच कर सरला राय को हटाने में सहयोग की मांग कर रहा है बड़ी दरबार में पहुंचा व्यक्ति अब कितना सफल होता है यह तो आगे भविष्य बताएगा।

# वर्तमान प्रचलित मूल्याकंन सूची को पुनरीक्षित कर 1 अगस्त से की जायेंगी प्रभावी

### मूल्यांकन सूची के लागू किये जाने में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 16 जुलाई तक करें प्रस्तुत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/जिला निबन्धक ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 को संशोधित कर उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (द्वितीय संशोधन) नियमावली-2013 तृतीय संशोधन नियमावली 2015 का अवलोकन करें, जिसके द्वारा 01 अगस्त, 2022 में वार्षिक रूप से मूल्यांकन सूची को पुनरीक्षित किया जाना है। वर्तमान में जनपद में प्रचलित मूल्यांकन सूची दिनांक 26 अगस्त,2019 से प्रभावी है। वर्तमान प्रचलित मूल्याकंन सूची को पुनरीक्षित कर दिनांक 01 अगस्त 2022 से प्रभावी की जायेंगी। प्रस्तावित मूल्यांकन सूची सम्बन्धित तहसील में उप जिलाधिकारी व उपनिबन्धक के कार्यालय में अवलोकनार्थ हेतु उपलब्ध है। उन्होंने बताया है कि सभी जनता जर्नादन, जनप्रतिनिधि, वसीकानवीस व अधिवक्तागण आदि जनहित में इस मूल्यांकन सूची के लागू किये जाने में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दिनांक 16.07.2022 तक सम्बन्धित तहसील में उपजिलाधिकारी, उपनिबन्धक और जिला स्तर पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा)एवं सहायक महानिरीक्षक निबन्धन कौशाम्बी तथा जिलाधिकारी के समक्ष किसी भी कार्यदिवस में प्रस्तुत कर सकतें है।

### जिले को घोषित किया जाए सूखा ग्रस्त

**कौशांबी।** बरसात के महीने में पानी ना बरसने से किसानों की फसलों की बुवाई नहीं हो रही है जिले की प्रमुख फसल धान की रोपाई नहीं हो सकी है अरहर बाजरा ज्वार तिल्ली उड़द मूंग मकाई सहित विभिन्न फसलों की बुवाई नहीं हो सकी है बरसात न होने से सब्जियों की भी फसलें नहीं तैयार हो रही है प्रत्येक वर्ष 10 जून तक पानी बरस जाता था लेकिन इस वर्ष 10 जून के बाद एक महीना से अधिक बीत चुके हैं 13 जुलाई तक भी जिले में पानी नहीं बरसा है जिससे जिले की धरती सूखी है और जब खेतों की जुताई नहीं हो रही तो फसलों की बुवाई कैसे होगी फसल की बुवाई ना होने से किसानों के सामने तमाम समस्याएं उत्पन्न हो गई है दूसरी तरफ सरकार द्वारा सूखाग्रस्त घोषित न किए जाने से राजस्व वसूली जारी है अब जब फसलें नहीं तैयार होंगी तो किसान सिंचाई व अन्य प्रकार के बकाए की अदायगी कैसे करेंगे लेकिन वसूली के लिए लगातार किसानों पर दबाव बनाए जा रहे हैं जबकि अभी तक कृषि विभाग और राजस्व विभाग ने जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए शासन को पत्र नहीं लिखा है। सांसद और विधायकों ने भी किसानों के लिए जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए आवाज नहीं बुलंद की है जिले के तमाम किसान नेता और किसान संगठन के लोगों ने जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर सिचाई के बकाए राजस्व की वसूली माफ किए जाने और अन्य तमाम राजस्व की वसूली स्थगित किए जाने की मांग की है।

# पूर्व सांसद के करीबियों का फिर शुरू हुआ आतंक

### स्कूल की बाउंड्री गिराने वाले पूर्व सांसद के करीबियों की डीएम एसपी से हुई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में पूर्व सांसद के करीबियों ने 7 दिन पहले एक स्कूल की जमीन पर कब्जा करने की नियत से उसकी बाउंड्री गिरा दी स्कूल परिसर में जमकर उत्पात मचाया मामले की शिकायत थाना समाधान दिवस में स्कूल प्रबंधक ने की लेकिन कार्यवाही ना होने पर स्कूल प्रबंधक सोमवार को जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मिले और पूर्व सांसद के करीबियों के कारनामे को बताते हुए कार्रवाई की मांग की है

बता दें चायल तहसील क्षेत्र के मितुवापुर ग्राम सभा में सुषमा साहू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीते 18 वर्षो से खाता संख्या 00068 खतौनी नंबर 24 में स्थापित है विद्यालय की जमीन में पूर्व सासंद और पूर्व विधायक के करीबी मोअज्जम पुत्र मोख्तार अहमद निवासी असरौली बाम्हरौली थाना धूमनगंज रिश्तेदार परिजन के साथ विद्यालय पहुँचे और विद्यालय की जमीन पर जबरिया कब्जा करने के उद्देश्य से 03 जुलाई को विद्यालय की बाउंड्री तोड़ कर नष्ट कर दिया मना करने पर प्रबंधक के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से असलहा लेकर विद्यालय प्रबंधक को दौड़ा लिया विद्यालय का दरवाजा जाली फर्नीचर आदि सामान को दबंग उठा ले गए जमीन में जबरिया कब्जा करने के मामले की शिकायत थाना पुलिस और थाना समाधान दिवस में प्रबंधक ने किया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई जिस पर स्कूल प्रबंधक डीएम एसपी से मिले और उन्हें संपूर्ण प्रकरण बताते हुए पूर्व सांसद के करीबियों के आतंक पर कार्यवाही की मांग की है।

## रोहित की तरह बुमराह भी 'विशेषज्ञों' पर बोले- मैं उन्हें गंभीरता से नहीं लेता

**लंदन ।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने स्वीकार कहा है कि खेल के सभी तीन प्रारूपों में 'काम के बोझ का प्रबंधन मुश्किल' है और यही कारण है कि इस साल ध्यान सबसे छोटे प्रारूप पर है क्योंकि सिर्फ तीन महीने बाद टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 19 रन देकर छह विकेट चटकाने वाले बुमराह ने स्पष्ट किया कि इस साल जोर टी20 प्रारूप पर है क्योंकि सिर्फ तीन महीने बाद आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। बुमराह ने भारत की 10 विकेट की एकतरफा जीत के बाद कहा, 'यह कई चीजों का संयोजन है और सिर्फ इस पर निर्भर नहीं करता कि आपको कौन से मुकाबले चुनने हैं। जैसे कि जिस साल विश्व कप का आयोजन होना है, उस प्रारूप (इस साल टी20) को अधिक प्राथमिकता देने की जरूरत है और अगर किसी साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होना है तो ध्यान टेस्ट क्रिकेट पर अधिक होना चाहिए।'

भारत का कार्यक्रम काफी व्यस्त है लेकिन बुमराह समझ सकते हैं कि ऐसा 2020 और 2021 में कई श्रृंखलाओं के कोविड-19 के कारण स्थगित होने से हुआ। बुमराह ने कहा, 'आपको कैलेंडर पर ध्यान देना होता है। 2020-21 में कोविड के कारण हम कई श्रृंखलाओं में नहीं खेल पाए और इसलिए हमें लगातार काफी क्रिकेट खेलना पड़ रहा है। इसलिए काफी जागरूकता की जरूरत है। आपको टीम के ट्रेनर, फिजियो और प्रबंधन से बात करनी होती है। जब आप किसी श्रृंखला में नहीं खेल रहे होते तो स्वयं को मानसिक रूप से बेहतर स्थिति में रखना होता है।'

## श्रीलंका-पाकिस्तान में खेलकर ऑस्ट्रेलिया ने बनाया प्लान, कप्तान पैट कमिंस ने किया खुलासा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस का कहना है कि उनकी टीम ने पाकिस्तान और श्रीलंका के दौरों के दौरान काफी कुछ सीखा है और उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने से उनके कुछ अनुभवहीन खिलाडि़यों को अगले साल भारत में होने वाली श्रृंखला में मदद मिलेगी। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला का पहला टेस्ट 10 विकेट से जीतने के बाद आस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट पारी और 39 रन से गंवा दिया जिससे श्रृंखला 1-1 से बराबर रही। श्रीलंका से पहले आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान का दौरा किया और वहां मार्च में तीन टेस्ट की श्रृंखला 1-0 से जीती।



कमिंस ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे आधे खिलाडि़यों ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए इन 2 बेहद अलग पिचों पर खेलने के अनुभवी से, मुझे लगता है कि हमने इससे काफी सीख ली है और इससे अगले साल भारत में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम यह जानते हुए मैदान पर उतरे थे कि यहां श्रृंखला और मैच जीतना मुश्किल होगा। इसलिए श्रृंखला ड्रॉ करना अच्छा रहा। इसी टीम ने पिछले हफ्ते जीत दर्ज की थी। हमने पाकिस्तान में कड़ी चुनौती पेश की और श्रृंखला जीती। कमिंस ने कहा कि यह शायद वास्तविकता का सामना करना रहा कि स्वदेश के बाहर अलग परिस्थितियों में खेलना मुश्किल होता है।

## मुंबई सिटी एफसी से जुड़े रहेंगे विनीत राय

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने घोषणा की कि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल की उनकी साथी टीम ओडिशा एफसी मिडफील्डर विनीत राय को उधार पर आगामी सत्र के लिए भी उनके साथ जोड़े रहने के लिए राजी हो गई है। 24 साल के राय 2022-23 सत्र के अंत तक मुंबई सिटी एफसी के साथ ही रहेंगे। असम में जन्मे राय जनवरी 2022 में उधार पर ओडिश एफसी से मुंबई सिटी एफसी से जुड़े थे। उन्होंने 2021-22 आईएसएल सत्र में मुंबई सिटी एफसी की ओर से 10 मैच खेले। वह 2022 एएफसी चैंपियन्स लीग के ग्रुप चरण में मुंबई सिटी एफसी के दूसरे स्थान पर रहने के दौरान भी टीम का हिस्सा थे। वह ग्रुप चरण के छह में से पांच मैच में टीम की ओर से खेले। राय ने 2016 में अपने आईएसएल करियर की शुरुआत की और अब तक केरल ब्लास्टर्स, अब भंग हो चुके दिल्ली डाइनामोज और ओडिशा एफसी की ओर से 79 लीग मैच खेल चुके हैं।



# रोहित का अर्धशतक, भारत ने 10 विकेट से जीता वनडे मैच

**लंदन।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड को टी-20 सीरीज 2-1 से हराने के बाद वनडे सीरीज में भी विजयी शुरूआत की है। लंदन में खेले गए पहले मुकाबले को भारतीय टीम ने रोहित शर्मा के अर्धशतक की बदौलत 10 विकेट से जीत लिया। भारत की जीत में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का अहम योगदान रहा जिन्होंने 6 विकेट लेकर इंग्लैंड को 110 रन पर रोक दिया। बुमराह के अलावा शमी भी 3 विकेट निकालने में सफल रहे। टीम इंडिया को जीत के लिए 111 रन बनाने थे जो उन्होंने 18.4 ओवरों में रोहित (76), धवन (31) की बदौलत बना लिए।

**इंग्लैंड (पहली पारी)**

इंग्लैंड की ओर से जेसन रॉय के साथ जॉनी बेयरस्टो ओपनिंग क्रम पर आए। लेकिन जसप्रीत बुमराह ने लगातार दो गेंदों पर जेसन रॉय और जो रूट का विकेट निकालकर इंग्लैंड को झटका दे दिया। इंग्लैंड जब 7 रन बना चुकी थी तभी मोहम्मद शमी ने बेन स्टोक्स को पहली ही गेंद पर पंत के हाथों कैच आऊट करवा दिया। बुमराह यही नहीं रुके अपने तीसरे ओवर में उन्होंने बेयरस्टो को भी पंत के हाथों कैच आऊट करवा दिया। बेयरस्टो ने 20 गेंदों में 7 रन बनाए जबकि जेसन, रूट और स्टोक्स खाता भी नहीं खोल पाए। बुमराह ने इसके बाद लिविंगस्टोन को शून्य पर बोल्ड कर दिया। बुमराह ने कार्सो को पवेलियन भेज अपनी पांचवीं विकेट ली। बुमराह ने छठा



विकेट लेकर इंग्लैंड को 110 रनों पर रोक दिया।

**मोईन अली का प्रयास काम न आया**

इंग्लैंड के ऑलराऊंडर मोईन अली ने मैदान पर आकर लगातार गिर रही विकेटों का क्रम थामा। उन्होंने बटलर के साथ कुछ उपयोगी रन बनाए लेकिन इसी बीच प्रसिद्ध कृष्णा ने मोईन अली के बल्ले से निकला सीधा शॉट लपककर उन्हें पवेलियन की राह दिखा दी। मोईन ने 18 गेंदों में 14 रन बनाए।

**शमी ने गति में उलझे अंग्रेज-** इंगलैंड को कप्तान जोस बटलर से काफी उम्मीदें थीं। बटलर ने एक छोर संभाले रखा लेकिन लगातार गिरती रन गति के कारण वह भी दबाव में आ गए। उन्होंने शमी की गेंद पर एक ऊंचा शॉट लगाया और बाऊंड्री रोप पर सूर्यकुमार यादव के हाथों लपके गए। बटलर ने 32 गेंदों में 30 रन बनाए। शमी यही नहीं रुके उन्होंने क्रेग ओवरटन को 8 रन पर बोल्ड कर अपना तीसरा विकेट हासिल किया। शमी ने इससे पहले बेन स्टोक्स को भी शून्य पर पवेलियन लौटाया था।

**भारत (दूसरी पारी)**

**टीम इंडिया की अच्छी शुरूआत**

रोहित शर्मा और शिखर धवन ने एक बार फिर से भारत के लिए पारी की शुरूआत की। इंगलैंड के गेंदबाजों ने भरसक प्रयास किए लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों ने अपने अनुभव का फायदा उठाकर बढ़िया खेल दिखाया। रोहित यहां अटैकिंग तो धवन डिफेंस मोड पर नजर आए। रोहित ने 49 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया और टीम इंडिया को जीत की राह तक ले गए।

## सिंगापुर ओपन : मंजूनाथ ने श्रीकांत को हराकर किया उलटफेर, सिंधू भी जीती

**सिंगापुर।** भारत के मिथुन मंजूनाथ ने उलटफेर करते हुए बुधवार को यहां हमवतन और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत को हराया जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रही।

अप्रैल में ओरलियांस मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाले मंजूनाथ ने दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे में 21-17 15-21 21-18 से हराया। दुनिया के 77वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ अगले दौर में आयरलैंड के एनहाट एनगुएन से भिड़ेंगे। इससे पहले सिंधू को महिला एकल के पहले दौर में दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी बेल्जियम की लियाने टैन को 21-15 21-11 से हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अगले दौर में वियतनाम की थुइ लिन एनगुएन से भिड़ेंगी।



चौबीस साल के मंजूनाथ ने श्रीकांत के खिलाफ पुरुष एकल मुकाबले में तेज शुरुआत करते हुए 6-2 की बढ़त बनाई। उन्होंने पूरे गेम के दौरान बढ़त बरकरार रखते हुए आसानी से पहला गेम जीत लिया। श्रीकांत ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाई और फिर बढ़त में लगातार इजाफा करते हुए गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। मंजूनाथ ने बेहतर नियंत्रण दिखाते हुए ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाई। श्रीकांत ने 16-15 के स्कोर पर बढ़त हासिल की लेकिन मंजूनाथ ने 18-18 के स्कोर पर लगातार तीन अंक के साथ गेम और मैच जीत लिया। मंजूनाथ इस साल की शुरुआत में कोविड-19 से संक्रमित हो गए थे और उन्हें जनवरी में इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट से हटना पड़ा था। उन्होंने सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और ओडिशा सुपर 100 के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वह बैडमिंटन एशिया टीम चैंपयनशिप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे। महिला एकल में सिंधू ने धीमी शुरुआत की। वह 1-4 से पीछे थी लेकिन 7-7 के स्कोर पर बराबरी हासिल करने में सफल रही। भारतीय खिलाड़ी ब्रेक तक 11-8 से आगे थी और फिर उन्होंने आसानी से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने बेहतर शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। टैन ने लगातार तीन अंक के साथ बढ़त को कम किया लेकिन सिंधू को गेम और मैच जीतने में अधिक दिक्कत नहीं हुई।

## इंग्लैंड पर जीत से भारत को फायदा, पाकिस्तान को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा

**दुबई।** इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में एकतरफा जीत के साथ भारत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम टीम रैंकिंग में पाकिस्तान को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। भारत 105 अंकों के साथ चौथे स्थान पर था लेकिन 10 विकेट की जीत के साथ उसके 108 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान 106 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गया है। न्यूजीलैंड 126 अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है जबकि इंग्लैंड 122 अंक के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीनस्वीप के साथ पाकिस्तान भारत को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा था। श्रीलंका के खिलाफ आस्ट्रेलिया के एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने से भी उसे मदद मिली। टीम हालांकि लंबे समय तक तीसरे स्थान पर नहीं रह सकी और भारत एक बार फिर इस स्थान पर काबिज हो गया। इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दो एकदिवसीय और वेस्टइंडीज के खिलाफ इस महीने तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन करके भारत तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर सकता है। भारत अगर इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दोनों वनडे गंवा देता है तो फिर टीम पाकिस्तान के बाद चौथे स्थान पर खिसक जाएगी। पाकिस्तान अगली एकदिवसीय श्रृंखला अगले महीने रोटरडम में नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा



## राष्ट्रमंडल खेलों में युगल वर्ग में पदक जीत सकते हैं : जोशना चिनप्पा

**चेन्नई ।** भारत की शीर्ष महिला स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने कहा कि भारत बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में युगल वर्ग का स्वर्ण पदक जीत सकता है। चिनप्पा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा कि यह सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीमों में से एक है। सौरव घोषाल और मैं प्रो टूर पर कई वर्ष से खेल रहे हैं। हम अभी भी विश्व में शीर्ष 20 में हैं। भारत के पास युगल में पदक जीतने का मौका है। उन्होंने कहा कि इस बार हम एकल में भी पदक जीतने का पूरा प्रयास करेंगे। हाल ही में ग्लास्गो में विश्व युगल चैम्पियनशिप जीतने वाली चिनप्पा ने कहा कि वह और दीपिका पल्लीकल काफी मजबूत टीम हैं। उन्होंने कहा कि दीपिका ने शानदार वापसी की है। हमने तीन साल के अंतराल के बाद खेलना शुरू किया और मैं यह देखकर दंग रह गई कि वह कितना अच्छा खेल रही है। उसने काफी मेहनत की है और हम एक मजबूत टीम है। उम्मीद है कि यह कोर्ट पर नजर आएगा। भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2014 में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता जबकि 2018 में गोल्ड कोस्ट खेलों में महिला युगल और मिश्रित युगल में दो रजत पदक जीते।



## मोहम्मद शमी ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने

**चेन्नई ।** इंगलैंड के खिलाफ लंदन के मैदान पर खेले गए पहले वनडे में एक बार फिर से भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी तेज गति और स्विंग के साथ इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया। शमी ने जब बटलर के रूप में अपनी दूसरी विकेट ली तो इसी के साथ वह भारत की ओर से वनडे फॉर्मेट में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। शमी के ही नाम पर भारत के लिए सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है।

**सबसे कम वनडे में 150 विकेट**

77 मिशेल स्टार्क, 78 सकलैन मुश्ताक, 80 राशिद खान / मोहम्मद शमी, 81 ट्रेंट बोल्ट, 82 ब्रेट ली, शमी का यह 80वां वनडे मैच है। उनसे पहले यह रिकॉर्ड भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगरकर के नाम पर था जिन्होंने 97 वनडे में 150 विकेट पूरी की थीं।



**सबसे कम गेंद में 150 वनडे विकेट**

3917 मिशेल स्टार्क, ऑस्ट्रेलिया
4053 एजंता मेंडिस, श्रीलंका
4071 मोहम्मद शमी, भारत

**भारत की ओर से सबसे तेज 150 विकेट**

80 मोहम्मद शमी
97 अजीत अगरकर
103 जहीर खान

**सर्वश्रेष्ठ औसत वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज**

1. जसप्रीत बुमराह : मैच 70, विकेट 113, औसत 25.42
2. मोहम्मद शमी : मैच 79, विकेट 148, औसत 25.62
3. युजी चहल : मैच 61, विकेट 104, औसत 27.44
4. कपिल देव : मैच 225, विकेट 253, औसत 27.45

## जसप्रीत बुमराह 'दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ऑल-फॉर्मेट गेंदबाज' : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान

**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में खेले गए पहले वनडे में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को तोड़ते हुए शानद (6/19) प्रदर्शन किया और इंग्लैंड को 110 रन रोकने में बड़ी भूमिका निभाई। इसके बाद रोहित शर्मा और शिखर धवन की जोड़ी ने टीम इंडिया को 10 विकेट से जीतने में मदद की। इस जीत के सूत्रधार बुमराह को नासिर हुसैन ने 'दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ऑल-फॉर्मेट गेंदबाज' करार दिया है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बुमराह की सराहना करते हुए कहा, इस खेल में प्रदर्शन शानदार, उच्च श्रेणी का था। कुछ गेंदें पूरी तरह से शानदार थीं। उनके पास असामान्य एक्शन और रन-अप है इसलिए गेंद वज्र की तरह आपके पास आती है। वह इसे दोनों तरह से स्विंग भी करता है - लेकिन वह न केवल इसे स्विंग करता है, वह तेज भी है। हुसैन ने कहा, बुमराह को विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ ऑल-फॉर्मेट गेंदबाज बनना होगा। चुनौती देने वाले कौन होंगे? हो सकता है कि ट्रेंट बोल्ट, शाहीन शाह अफरीदी, जोफ्रा आर्चर फिट हों।



**लेकिन अभी वह सबसे अच्छा है -** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने बताया कि बुमराह की अनुकूलन क्षमता 2016 के बाद से बढ़ी है। उन्होंने कहा, जहां उन्होंने सुधार किया है वह अनुकूलन करने की उनकी क्षमता है। जब उन्हें लगा कि स्विंग के लिए परिस्थितियां अच्छी हैं, तो वह बल्ले के करीब चले गए। उसके पास विविधताएं हैं - एक अच्छा बाउंसर, एक अच्छा यॉर्कर - इसलिए वह आपको परेशान कर सकता है। आप नहीं जानते कि क्या उम्मीद की जाए।

हुसैन ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त लेने के लिए पहले एकदिवसीय मैच में इंग्लैंड से आगे होने के लिए भारत की सराहना की। उन्होंने कहा, यह पहली गेंद से आखिरी तक एक तरफा खेल था, एक बहुत ही एकतरफा खेल। बुमराह, रोहित और धवन के व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ भारत बहुत अच्छा था। भारत शानदार था और इंग्लैंड दौड़ में नहीं था।

## रोहित शर्मा वनडे में 250 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बने, यह यूनीक रिकॉर्ड भी बनाया

**लंदन।** रोहित शर्मा वनडे फार्मेट में 250 छक्के पूरे कर चुके हैं। खास बात यह है कि पिछले 5 सालों के दौरान ही उनके बल्ले से 72 पारियों में आधे यानी 126 छक्के निकले हैं। उनके बाद क्रिस गेल का नाम है जो 30 पारियों में 93 छक्के लगा चुके थे। रोहित वनडे में सबसे कम पारियों में 250 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। यही नहीं एक पारी में पांच या इससे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में वह अपने प्रतिद्वंद्वियों से मीलों आगे हैं।

**देखें रिकॉर्ड-**

**वनडे में सर्वाधिक छक्के (भारतीय)**

250 - रोहित शर्मा
222 - महेंद्र सिंह धोनी
195 - सचिन तेंदुलकर
189 - सौरव गांगुली

**सबसे तेज 250 वनडे छक्के (पारी)**

224 - रोहित शर्मा
259 - शाहिद अफरीदी
268 - क्रिस गेल
400 - सनथ जयसूर्या

**एक पारी में 5 या इससे ज्यादा छक्के**

27 - रोहित शर्मा
10 - वीरेंद्र सहवाग
9 - युवराज सिंह
8 - महेंद्र सिंह धोनी
8 - सचिन तेंदुलकर
7 - सौरव गांगुली
6 - विराट कोहली
6 - सुरेश रैना
6 - केएल राहुल

**पहले भारतीय हिट करने के लिए**



50 छक्के : कपिल देव
100 छक्केः सचिन तेंदुलकर
150 छक्केः सौरव गांगुली
200 छक्के : महेंद्र सिंह धोनी
250 छक्के : रोहित शर्मा

बता दें कि रोहित शर्मा ने लंदन वनडे जीतने के साथ ही अपने साथी शिखर धवन के साथ मिलकर एक रिकॉर्ड भी बनाया। दोनों वनडे में 5000 से ज्यादा रनों की साझेदारी कर चुके हैं। इसी के साथ ओपनिंग पर वह धवन के साथ 18 शतकीय साझेदारियां कर चुके हैं। इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली 26 शतकीय साझेदारियां कर पहले नंबर पर बने हुए हैं। दूसरे नंबर पर तिलकरत्ने दिलशान और कुमार संगाकारा है जिन्होंने 20 शतकीय साझेदारियां की हैं। बता दें कि रोहित और कोहली के नाम भी 18 शतकीय साझेदारियां निभाने का रिकॉर्ड है।

## शिखर धवन-रोहित शर्मा के पार्टनरशिप में 5000 रन पूरे, हिटमैन ने कही यह बात

**लंदन।** लंदन के केनिंग्टन ओवल में इंगलैंड के खिलाफ भारतीय टीम को पहले वनडे में 10 विकेट से जीत हासिल हुई। भारत की ओर से ओपनिंग क्रम रोहित शर्मा और शिखर धवन ने 114 रनों की पार्टनरशिप की और इसी के साथ कई बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। धवन का यह 150वां वनडे मुकाबला था। उन्होंने रोहित के साथ ओपनिंग पर आते ही 5000 रनों की पार्टनरशिप पूरी कर ली है। यही नहीं उन्होंने कई रिकॉर्ड बनाए-

**वनडे में ओपनिंग पर सबसे ज्यादा रन (पार्टनरशिप)**

1. सौरव गांगुली - सचिन तेंदुलकर = 6609
2. एडम गिलक्रिस्ट - मैथ्यू हेडन = 5372
3. गॉर्डन ग्रीनिज - डेसमंड हेंस = 5150
4. सौरव गांगुली - सचिन तेंदुलकर = 5073

**वनडे में सर्वाधिक शतकीय साझेदारियां**

26 सचिन तेंदुलकर - सौरव गांगुली
20 तिलकरत्ने दिलशान - कुमार संगकारा
18 रोहित शर्मा - विराट कोहली
18 रोहित शर्मा - शिखर धवन
16 एडम गिलक्रिस्ट - मैथ्यू हेडन

**भारतीय ओपनिंग ने जब बिना विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल किया**

सुनील गावस्कर/फारुख इंजीनियर (1975)
एस खन्ना/जी पारकर (1984)
सचिन/गांगुली (1997)
सचिन/गांगुली (1998)
दासगुप्ता/सहवाग (2001)
केएल राहुल/एफ फजल (2016)
रोहित/धवन (2022)

लंदन वनडे जीतने के बाद रोहित शर्मा ने कहा कि धवन और मैंने एक साथ बहुत सारी क्रिकेट खेली है। पहली गेंद को छोड़कर हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। (रन आऊट के मौके को छोड़कर) हम जानते हैं कि वह हमारे लिए क्या कर सकता है। वह बहुत ही अनुभवी खिलाड़ी है।

## अंतरिक्ष में पहाड़ों और घाटियों के अद्भुत नजारे आए सामने, रोमांच से भर देगी ये तस्वीरे

**वाशिंगटन।** ब्रह्मांड के बारे में दुनिया के दृष्टिकोण का अभी-अभी विस्तार हुआ है और सोमवार को अनावृत्त की गई नासा की नयी अंतरिक्ष दूरबीन से ली गई पहली तस्वीर आकाशगंगाओं से भरी हुई है तथा यह ब्रह्मांड का अब तक का सबसे गहरा रूप प्रस्तुत करती है। दस अरब डॉलर की लागत से तैयार हुई जेम्स वेब अंतरिक्ष



दूरबीन से ली गई पहली तस्वीर के बाद दूरबीन के शुरुआती बाहरी गेज से आकाशगंगा संबंधी चार और सुंदर तस्वीर जारी की। नासा द्वारा दस अरब डॉलर की लागत से तैयार जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप ने अंतरिक्ष के ऐसे नजारे दिखाने शुरू कर दिए हैं जो पहले कभी इतनी स्पष्टता के साथ नहीं देखे गए। अंतरिक्ष की फोटो के बाद अब जेम्स वेब टेलिस्कोप ने ऐसी तस्वीर जारी की है, जो अद्भुत है। इसमें अंतरिक्ष के तारे बेहद चमकते हुए दिख रहे हैं और साथ दिख रहा है भूरे-लाल-पीले रंग के बादलों का पहाड़ और घाटियां।



## अमेरिकी संसद परिसर में दंगे से पहले ट्रंप के ट्वीट को लेकर ट्विटर के कर्मचारी ने किया था आगाह

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद परिसर (कैपिटल) में हुए दंगे की जांच कर रही संसद की समिति को ट्विटर के एक कर्मचारी ने बताया है कि वह पांच जनवरी 2021 की रात को सो नहीं पाया था क्योंकि उसे अगले दिन होने वाली रैली के दौरान लोगों के मारे जाने की आशंका थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया खातों के जरिये उक्त रैली के बारे में लोगों को लगातार प्रोत्साहित कर रहे थे। ट्विटर के कर्मचारी की आशंका अगले दिन छह जनवरी को सही साबित हुई जब ट्रंप के समर्थकों ने संसद परिसर पर हमला बोला और दंगे हुए जिसमें नौ लोगों की जान चली गई।

समिति ने अपनी सार्वजनिक सुनवाई के दौरान खुलासा किया कि कर्मचारी ने ट्रंप के ट्वीट को लेकर अपने नियोक्ता के सामने बार-बार चिंता जाहिर की थी। पहले से रिकॉर्ड किये गए साक्षात्कार में कर्मचारी ने यह कहा। उसकी पहचान को गुप्त रखने के लिए नाम का खुलासा नहीं किया गया। कर्मचारी के बयान में यह नहीं बताया कि उसने ट्रंप के ट्वीट के बारे में किससे अपनी चिंता जाहिर की थी। उसने कहा कि ट्रंप द्वारा अमेरिकी चुनाव के नतीजों के विरोध में 19 दिसंबर को, अपने समर्थकों को वाशिंगटन में एकत्र होने का आमंत्रण देने के बाद हिंसक धमकी समेत कई तरह की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई थी। कर्मचारी ने कहा, 'ऐसा लग रहा था कि हथियारों के साथ भीड़ एकत्र होने वाली है और वे लड़ने को तैयार हो सकते हैं।'

## ब्रिटिश विशेष बलों ने अफगानिस्तान में ली दर्जनों बंधकों की जानः रिपोर्ट

**लंदन।** अफगानिस्तान में लगभग एक दशक पहले एक विद्रोहियों के खिलाफ चलाई गयी कार्रवाई के दौरान ब्रिटिश विशेष बलों ने संदिग्ध परिस्थितियों में दर्जनों अफगान बंधकों की हत्या कर दी थी । बीबीसी की जांच में ये आरोप सामने आए हैं। नये सैन्य दस्तावेज के हवाले से प्रसारक ने आरोप लगाया है कि एसएएस इकाई ने अफगानिस्तान के दक्षिणी हेलमंद प्रांत में 2010 से 2011 के बीच गैर कानूनी तरीके से 54 लोगों को मार दिया । इसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि ब्रिटिश विशेष बल के प्रमुख को इस हत्याकांड के बारे में जानकारी थी, लेकिन इसकी जांच के दौरान साक्ष्य नहीं दिये गये । उधर, रक्षा



मंत्रालय ने कहा कि रिपोर्ट का निष्कर्ष अनुचित है क्योंकि इनकी पूरी तरह से जांच की जा चुकी है । मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान में ब्रिटिश विशेष बल के आचरण की दो स्वतंत्र जांच करवायी गयी है और मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं ।मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इस तरह बयानबाजी करना गैर-जिम्मेदाराना और गलत है और ''यह हमारे बहादुर सशस्त्र बलों के जवानों की बहादुरी और प्रतिष्ठा को दांव पर लगाने वाला है। नाटो अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के तहत ब्रिटिश सेना 2001 से अफगानिस्तान में तैनात थी । ब्रिटिश सेना और उनके नाटो सहयोगी पिछले साल गर्मियों में अफगानिस्तान से वापस आ गये थे।

# श्रीलंका में इमरजेंसी, नेशनल टीवी ऑफ एयरः प्रदर्शनकारियों ने संसद और पीएम हाउस पर धावा बोला

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे देश छोड़कर मालदीव भाग गए हैं। राजपक्षे के देश छोड़ने से श्रीलंकाइयों का गुस्सा भड़क गया है। राजधानी कोलंबो की सड़कों पर प्रदर्शनकारी जमकर उत्पात कर रहे हैं। लोगों के उग्र विरोध देखते हुए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने इमरजेंसी का ऐलान किया है।

हजारों की तादाद में लोग संसद भवन और पीएम हाउस की तरफ मार्च कर रह रहे हैं। कई जगहों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों में हिंसक झड़प हुई। दो गुट भी आपस में भिड़ गए, जिससे 12 लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल टीवी 'रूपवाहिनी' के स्टूडियो पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद यह चैनल ऑफ एयर हो गया।

प्रधानमंत्री रानिल विक्रनसिंघे को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मामले में दखल देने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों पर हेलिकॉप्टर से नजर रखी जा रही है। इन पर काबू करने के लिए हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी है।

देश छोड़कर भागे श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षा ने इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने अपनी जगह प्रधानमंत्री रनिल विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बना दिया है। श्रीलंका के प्रधानमंत्री आवास के बाहर इस समय भारी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री का भी इस्तीफा मांग रहे हैं।

**एयरफोर्स ने गोटबाया को एयरक्राफ्ट दिया**

श्रीलंकाई एयरफोर्स मीडिया




डायरेक्टर ने कहा कि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे, फर्स्ट लेडी और दो बॉडीगार्ड्स को मालदीव जाने के लिए रक्षा मंत्रालय से इमीग्रेशन, कस्टम और बाकी कानूनों को लेकर पूरी अनुमति दी गई थी। 13 जुलाई की सुबह उन्हें एयरफोर्स का एक एयरक्राफ्ट उपलब्ध कराया गया था।

**गोटबाया की पहली कोशिश नाकाम हुई थी**

गोटाबाया 8 जुलाई के बाद से कोलंबो में नहीं दिख रहे थे। वे मंगलवार यानी 12 जुलाई को नौसेना के जहाज से भागने की फिराक में थे, लेकिन पोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने पासपोर्ट पर सील लगाने के लिए ड्ढक्क सुईट में जाने से इनकार कर दिया था। राजपक्षे ने जोर दिया था कि देशभर में चल रहे विरोध की वजह से दूसरी सार्वजनिक सुविधाओं का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, लेकिन अफसर नहीं माने थे।

**राष्ट्रपति के भाई भी देश से भागना चाहते हैं**

राष्ट्रपति के भाई और पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे को देश छोड़कर भागने की फिराक में थे, लेकिन एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन स्टॉफ के विरोध के बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा। देश में जहां एक तरफ जनता दाने-दाने के लिए तरस रही है, वहीं बासिल ने अमेरिका जाने के लिए 1.13 करोड़ श्रीलंकाई रुपए में बिजनेस क्लास के चार टिकट किए थे।

**सबसे बड़ा सवालः भागे या भगाए गए?**

गोटबाया राजपक्षे ने इस्तीफा देने से पहले शर्त रखी थी कि उन्हें देश से बाहर जाने दिया जाए। इसके कुछ घंटे बाद ही उनके देश छोड़ने की खबरें सामने आई। ऐसे में अब सवाल उठता है कि गोटबाया भागे या भगाए गए। राजपक्षे ने 12 जुलाई को अपने इस्तीफे पर हस्ताक्षर कर सीनियर अधिकारी को सौंप दिया था। यह लेटर 13 जुलाई को संसद स्पीकर महिंदा यापा अभयवर्धने को सौंपा जाना था। खबरें आईं कि भारतीय सेना ने गोटबाया को भागने में मदद की, लेकिन भारतीय दूतावास ने इन खबरों का खंडन कर दिया है।

## मेक्सिको में मातृभाषा बोलने पर छात्र को जिंदा जलाया

### नस्लीय हमले में सीट पर अल्कोहोल डाला, कपड़े भीगे तो उनमें आग लगा दी

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के एक स्कूल में 14 साल के छात्र को उसके दो साथियों ने क्लासरूम में जिंदा जला दिया। दोनों छात्रों ने केवल इसलिए उस छात्र को जला दिया, क्योंकि वह अपनी मातृभाषा में उनसे बात कर रहा था।

**सीट पर शराब डाल दी थी**

अधिकारियों के मुताबिक, घटना जून की है और बुरी तरह झुलसा छात्र जुआन जामोरानो अब अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुका है। जामोरानो के परिवार ने बताया कि जब वह क्लासरूम में अपनी सीट पर बैठा तो उसकी पैंट भीग चुकी थी। दरअसल, दो छात्रों ने उसकी सीट पर शराब डाल दी थी। जैसे ही जामोरानो अपनी सीट से उठा, दोनों छात्रों ने


तस्वीर उस स्कूल की जहां घटना हुई।

मेरे बेटे की टीचर को लगता है कि हम उसकी नस्ल, उसकी जाति के नहीं हैं। इसलिए वह भी उसे परेशान करती थी। - **पीड़ित छात्र के पिता**

उसे जला दिया।

**टीचर भी नस्लीय टिप्पणियां करते थे**

जामोरानो के माता-पिता ने कहा कि हमारा बेटा कई हफ्तों से स्कूल में नस्लीय टिप्पणियां झेल रहा था। स्कूल के टीचर भी उसे परेशान करते थे। वो ये सोचते हैं कि हम उनके दर्जे के नहीं हैं और न ही उनकी नस्ल के। अब परिवार ने स्कूल अधिकारियों और जामोरानो को जलाने वाले छात्रों के खिलाफ केस फाइल किया है। जामोरानो ओटोमी समुदाय से है। मैक्सिको में इनकी तादाद 3.5 लाख है। ओटोमी की तरह कई अन्य समुदाय भी मैक्सिको में हैं। जामोरानो के परिजनों ने कहा कि हम ओटोमी बोलते हैं। जामोरानो इस भाषा का इस्तेमाल करना पसंद नहीं करता, क्योंकि इसकी वजह से वह नस्लीय टिप्पणियों शोषण और बदतमीजी का शिकार होता है।

## विशेषज्ञों ने चेतावनी- राजपक्षे बंधुओं के पतन से चीन-श्रीलंका संबंधों को लगेगा बड़ा झटका

**बीजिंग।** विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि श्रीलंका में आर्थिक एवं राजनीतिक अराजकता और राजपक्षे बंधुओं के पतन का चीन के साथ उसके घनिष्ठ संबंधों पर ''बड़ा प्रभाव'' पड़ेगा। संकटग्रस्त राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित द्वीपीय देश में दो दशकों से अधिक समय तक बड़ी चीनी परियोजनाओं को समर्थन दिया था। शंघाई स्थित फुदान विश्वविद्यालय में दक्षिण एशिया मामलों के विशेषज्ञ लिन मिनवांग ने कहा कि राजपक्षे के बड़े भाई महिंदा ने दो महीने पहले इस्तीफा दे दिया था, ऐसे में यह संकट चीन और श्रीलंका के संबंधों को और बड़ा झटका देगा। हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने मंगलवार को लिन के हवाले से कहा कि वित्तीय संकट को लेकर प्रदर्शनों के कुछ महीने



बाद यह राजनीतिक संकट आया है और यह द्वीपीय राष्ट्र के साथ चीन के संबंधों के लिए एक झटका होगा। श्रीलंका की राजनीति में करीब दो दशक तक प्रभुत्व कायम रखने वाले राजपक्षे परिवार को चीन का मित्र माना जाता है। महिंदा के बड़े भाई जब 2005 से 2015 तक सत्ता में थे, उन्होंने हंबनटोटा बंदरगाह समेत श्रीलंका को चीनी परियोजनाओं के लिए खोल दिया था। लिन ने कहा, ''लघु अवधि में, मौजूदा घटनाक्रम का श्रीलंका के साथ चीन के संबंधों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि श्रीलंका के राजनीतिक गलियारों में राजपक्षे परिवार का प्रभाव कम हो जाएगा और निकट भविष्य में उसकी राजनीतिक वापसी की संभावना बहुत कम है। 'उन्होंने कहा कि श्रीलंका में मौजूदा स्थिति से चीनी निवेश का नुकसान होगा। दूसरी ओर, 'शंघाई इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल स्टडीज' के एक वरिष्ठ फेलो लियू जोंगयी ने कहा कि बीजिंग ने ''न केवल राजपक्षे परिवार के साथ बल्कि श्रीलंका में हर राजनीतिक दल के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित किए हैं। चीन का किसी एक पक्ष की ओर झुकाव नहीं रहा है। 'उन्होंने कहा कि दीर्घकाल में श्रीलंका के चीन से संबंधों पर असर नहीं पड़ेगा। बता दें कि गोटबाया के आधिकारिक आवास पर पिछले सप्ताह हजारों प्रदर्शनकारी घुस आए थे, जिसके बाद उन्हें बुधवार को अपने इस्तीफे की पेशकश करनी पड़ी। संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने ने सोमवार को घोषणा की कि श्रीलंका की संसद 20 जुलाई को नए राष्ट्रपति का चुनाव करेगी, जो गोटबाया राजपक्षे का स्थान लेंगे।

## जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को दी गई अंतिम विदाई, जोजोजी मंदिर में दिवंगत नेता को दी श्रद्धांजलि

**टोक्यो।** जापानी नागरिकों ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को अंतिम विदाई दी। उनका आज एक मंदिर में परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। देश के सबसे लंबे समय तक पीएम रहे आबे की हत्या नारा शहर के चुनाव अभियान के दौरान भाषण देते वक्त गोली मारकर की गई थी। उनकी हत्या से पूरा देश और विश्व जगत स्तब्ध रह गया। दो साल पहले प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद भी सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल आबे को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग टोक्यो स्थित जोजोजी मंदिर के बाहर एकत्र हुए। आबे के पार्थिव शरीर को लेकर जब फूलों से सजा वाहन और अन्य वाहनों का काफिला जोजोजी मंदिर की ओर बढ़ा तो शोकाकुल लोगों ने अपने हाथ हिलाए, अपने दिवंगत नेता की तस्वीरें स्मार्टफोन से लीं और कुछ ने 'आबे सान!' कहा। अंतिम संस्कार के दौरान आबे की पत्नी अकी आबे, करीबी परिजन, पीएम फुमिओ किशिदा और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

**सैन्य मजबूती व कोविड के प्रभाव से निपटने का संकल्प**

जापान के पूर्व पीएम की हत्या के बाद हुए चुनाव में जीती उनकी पार्टी एलडीपी के दोबारा



सत्ता हासिल करने पर प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने कहा कि हम न सिर्फ सेना मजबूत करेंगे बल्कि संविधान को संशोधित भी करेंगे। उन्होंने देश में बंदूक अपराध को दुर्लभ बताते हुए कहा कि इस संस्कृति को पनपने नहीं दिया जाएगा। किशिदा पूर्व नेता को शोक जताने के लिए बौद्ध मंदिर में आए थे। उन्होंने कोविड-19 के प्रभाव से निपटने का भी संकल्प लिया।

**ताइवानी उपराष्ट्रपति के अंतिम संस्कार में पहुंचने की चीन ने ली घोर आपत्ति**

चीन के विदेश मंत्रालय ने जापान में पूर्व पीएम शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में भाग लेने पहुंचे ताइवान के उपराष्ट्रपति विलियम लाई की मौजूदगी पर कड़ा एतराज जताया। चीनी विदेश मंत्रालय के जापान स्थित उसके दूतावास ने यह आपत्ति जापानी सरकार के समक्ष दर्ज करा दी है। चीन ने कहा, यह ऐसा कदम है जो बीजिंग को परेशान करता है क्योंकि ताइवान लोकतांत्रिक रूप से उसके क्षेत्र में आता है। मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बीजिंग में क हा, ताइवान निश्चित ही चीन का हिस्सा है लेकिन लाई इसके तथाकथित उपराष्ट्रपति नहीं हैं।

# भारत से वाणिज्यिक गेहूं का निर्यात यमन के लिए आपूर्ति का जरिया, यूएन की उप राहत प्रमुख जॉयस मसूया ने की तारीफ

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व निकाय ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर भारत से वाणिज्यिक गेहूं का निर्यात यमन आपूर्ति का एक अहम जरिया बना है। यूएन में उप राहत प्रमुख जॉयस मसूया ने यह बात भारत द्वारा गत 3 माह में यमन को 2.50 लाख टन से

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

के योगदान का जिक्र करने के लिए मसूया का आभार जताया।

**यूक्रेनी हालात पर भारत ने जताई चिंता**

भारत ने एक बार फिर यूक्रेन



के हालात पर गहरी चिंता जताई और यूक्रेनी लोगों की पीड़ा कम करने की कोशिशों का समर्थन करते हुए शत्रुता खत्म करने की अपील की। भारत ने खासतौर पर कीव-मॉस्को बातचीत को प्रोत्साहित किया। यूक्रेन पर यूएनएससी अररिया-फॉर्मूला बैठक में बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने कहा, भारत यूक्रेन की स्थिति पर गहराई से चिंतित है। उन्होंने कहा, भारत हमेशा से शांति संवाद और कूटनीति के मार्ग पर चलने की वकालत करता रहा है।

**रूस को सशस्त्र ड्रोन आपूर्ति करेगा ईरान : अमेरिका**

व्हाइट हाउस ने कहा, उसका मानना है कि रूस का यूक्रेन में चल रहे युद्ध के लिए ईरान से हथियार ले जाने में सक्षम ड्रोन सहित सैकड़ों की संख्या में मानव रहित विमान (यूएवी) हासिल करने का इरादा है। अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन ने कहा, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान ने रूस को मानवरहित प्रणालियां मुहैया कराई हैं या नहीं, लेकिन हमें सूचना है कि ईरान रूसी बलों को इस माह ड्रोन परिचालन में प्रशिक्षित करने की योजना बना रहा है। इनमें हथियार ले जाने में समक्ष ड्रोन भी शामिल है। उन्होंने यह बात ऐसे वक्त कही जब बाइडन इस्राइल व सऊदी यात्रा पर जाने वाले हैं और इस यात्रा के दौरान ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्र में उसकी अराजक गतिविधियों पर चर्चा करने वाले हैं।

**रूसी राष्ट्रपति पुतिन अगले सप्ताह जाएंगे ईरान**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले सप्ताह ईरान के दौरे पर जाएंगे। क्रेमलिन प्रवक्ता दमित्री पेशकोव ने बताया कि पुतिन, ईरान और तुर्की के नेताओं के साथ त्रिपक्षीय बैठक में शामिल होने के लिए अगले मंगलवार को तेहरान जाएंगे। इस बैठक में सीरिया से संबंधित मसलों पर चर्चा होगी। पेशकोव ने बताया कि इस दौरे के दौरान पुतिन तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के साथ अलग से मुलाकात भी करेंगे।

**जंग के बीच कैबिनेट में फेरबदल करेंगे जेलेंस्की**

रूस से जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एलान किया है कि वे जल्द ही कैबिनेट में फेरबदल करेंगे। उन्होंने कहा कि विदेश नीति को मजबूत करने और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए यह फैसला किया गया है। जेलेंस्की के बयान के बाद माना जा रहा है कि यूक्रेन के विदेश मंत्री बदले जा सकते हैं। पिछले दिनों ही जेलेंस्की ने भारत समेत नौ देशों से अपने राजदूत हटाने का निर्देश दिया था।

**यूक्रेन ने अमेरिकी हिमारस से किया हमला, 52 रूसी सैनिकों की मौत**

यूक्रेन ने मंगलवार को कहा कि उसने रूसी फौजों के कब्जे वाले खेरसान के नोवा काखोव्का पर अमेरिका से मिले लंबी दूरी के रॉकेट से हमला किया, जिसमें 52 रूसी सैनिक मारे गए। यूक्रेन ने दावा किया, अमेरिका से मिले मोबाइल तोपखाने हिमारस का इस्तेमाल कर यहां स्थित एक रूसी गोला-बारूद डिपो को भी नष्ट कर दिया गया। उधर, खेरसान में एक रूसी अधिकारी ने कहा, हमला नागरिक इलाके पर किया गया और इसमें सात आम लोगों की मौत हुई, जबकि 60 घायल हैं। 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमले के बाद ही रूस ने इस इलाके को कब्जे में ले लिया था। खेरसान से होकर ही काला सागर का रास्ता है, जहां से यूक्रेन अनाज निर्यात करता है। यूक्रेन सरकार ने हाल ही में 10 लाख सैनिकों वाली फौज से अपने इलाके को रूसी कब्जे से छुड़ाने का संकल्प लिया है।

## ऋषि सुनक ने पीएम पद के लिए शुरू किया प्रचार अभियान

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व के लिए अपने चुनाव प्रचार अभियान की आधिकारिक शुरुआत कर दी। उन्होंने अपने संबोधन में एक सकारात्मक अभियान चलाने का वादा किया। उन्होंने दावा किया कि उनके अभियान में निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को नकारात्मक रूप में पेश नहीं किया जाएगा। ब्रिटेन के पूर्व वित्तमंत्री और भारतीय मूल के ऋषि सुनक प्रधानमंत्री पद की दौड़ में अपने नामांकन के लिए संसद के 20 समर्थकों के साथ शामिल हुए। वह प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की जगह लेने के लिए अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। उन्हें पहले ही दिन बीस कंजर्वेटिव सांसदों का समर्थन मिला है। पीएम पद की दौड़ के लिए प्रतिस्पर्धा का नामांकन शुरू हो चुका है। उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन हासिल



करने के लिए स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे तक का समय है। इसमें व्यापार मंत्री पेनी मॉर्डोंट, नए वित्तमंत्री नदीम जाहवी और टोरी बैकबेंचर टॉम ट्युगेंडेट शामिल हैं। ये सभी कम से कम 20 सांसदों का समर्थन पाने को बेताब हैं। अन्य उम्मीदवारों में भारतवंशी अटॉर्नी जनरल सुएला ब्रेवरमैन, विदेश मंत्री लिज ट्रस, पूर्व विदेश मंत्री जेरेमी हंट व स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद भी शामिल हैं। कहा जाता है कि भारतीय मूल की गृहमंत्री प्रीति पटेल अभी भी अपने नाम पर विचार कर रही हैं और कंजर्वेटिव पार्टी के ब्रेग्जिट विंग नेता के समर्थन के साथ दौड़ में देर से प्रवेश कर सकती हैं।

**नए प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा 5 सितंबर को-** बोरिस जॉनसन का स्थान लेने वाले ब्रिटेन में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता एवं नए प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा पांच सितंबर को की जाएगी। टोरी के नाम से जानी जाने वाली पार्टी के नेतृत्व के चुनाव के लिए जिम्मेदार निकाय ने सोमवार को यह जानकारी दी। नया पीएम निवर्तमान बोरिस जॉनसन की जगह लेगा। 1922 कमेटी ऑफ कंजर्वेटिव बैकबेंच के सांसदों ने चुनाव के लिए समय सारिणी और नियम निर्धारित किए। प्रधानमंत्री पद के लिए अब तक 11 लोग दावेदारी पेश कर चुके हैं। समिति के अध्यक्ष सर ग्राहम ब्रैडी ने कहा, निश्चित ही पांच सितंबर को हमारे पास पार्टी का नया नेता होगा।

ब्रिटेन में जन्मे 42 वर्षीय भारतीय मूल के नेता ने स्वीकार किया कि उनकी अपने पूर्व 'बॉस' के साथ कुछ मुद्दों पर असहमति थी, लेकिन उन्होंने जॉनसन की एक नेकदिल वाले व्यक्ति के रूप में सराहना भी की। सुनक ने लंदन में अपने अभियान के शुरुआती संबोधन में कहा, ''बोरिस जॉनसन उन सबसे विशिष्ट व्यक्तियों में से एक हैं जिनसे मैं अपने जीवन में मिला हूं। लोग उनके बारे में कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन उनका दिल अच्छा है।'' उन्होंने सवाल किया, ''क्या मैं उनसे असहमत था? जी हां, कई बार। क्या उनमें कमियां हैं? हां - और हम सभी में भी कमियां हैं। क्या सब ठीक नहीं था? हां, और इसलिए मैंने इस्तीफा दिया। लेकिन मैं स्पष्ट कर दूं, मैं उस इतिहास को फिर से लिखने में हिस्सा नहीं बनूंगा जिसमें बोरिस को बदनाम करने, उनकी गलतियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने या उनके प्रयासों को नकारने का प्रयास किया जाए।''